



# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 131

ग्वालियर, गुरूवार , 1 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### मऊ में कुए पर रखी पटिया टूटने से 3 बच्चों सहित 5 गिरे,1 की मौत

**मऊ (ए)।** जनपद के कोपागंज थाना क्षेत्र के भदसा मानोपुर गांव में बुधवार को सुबह 8ः00 बजे कुए पर 5 लोग बैठे हुए थे जिसमें अचानक पटिया टूटने से 5 लोग कुएं में गिर गए। जिसके बाद सभी लोगों को बचाने के लिए आसपास खेत में काम करने वाले वहां पहुंच गये । कूंए का पानी भरा होने के कारण तीनों बच्चों सहित दो अन्य लोगों की चीख-पुकार सुनकर तब तक वहां सैंकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। थोड़ी देर बाद थानाध्यक्ष भी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। हालांकि कि कुछ देर बाद तीनों बच्चों और करीब साठ साल के अखिलानंद राय को ग्रामीणों ने सीढ़ी और रस्से के माध्यम से किसी तरह कूंए से बाहर निकाल लिया गया ? लेकिन राकेश चौरसिया नामक अधेड़ की कूंए की गहराई होने के कारण कोई अता पता नहीं चल सका। करीब पांच घंटे बाद गोताखोरों की मदद से कूंए के अन्दर धंसे अधेड़ का शव मिलने के बाद अधेड़ का शव कूंए के बाहर निकाला गया। अधेड़ की मौत की खबर के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बताया जाता है कि उपरोक्त सभी प्रतिदिन की भांति सुबह कुएं पर बैठे हुए थे। लेकिन किसी को नहीं पता था कि बुधवार की सुबह कुएं पर पत्थर के पटिया लोगों के लिए काल बन जाएंगी। घटना के कुछ देर बाद सीईओ घोसी नरेश कुमार भी मौके स्थल पर पहुंच गए। घटना के बाद गांव में पसरा हुआ है।

### आठवले की शिवसेना को नसीहत, शिवसेना को वापस भाजपा के साथ आना चाहिए

**मुंबई (ए)।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी में जारी घमासान के बीच रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और मोदी सरकार में केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले ने शिवसेना को नसीहत दी है।आठवले ने कहा कि शिवसेना को अपने विचार को बदलने की जरूरत है, वरना कुछ दिनों के भीतर महाराष्ट्र सरकार गिर जाएगी। आठवले ने कहा कि शिवसेना को वापस भाजपा के साथ आना चाहिए। उद्धव ठाकरे एक साल और मुख्यमंत्री पद पर बने रहे। उसके बाद ढाई साल देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। शिवसेना के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की थी। राजनीतिक गलियारों में ऐसी चर्चा है कि शिवसेना अपने पुराने साथी के साथ सुलह करने का विचार कर रही है।

### देश के 49 फीसदी बुजुर्गों को लगाई जा चुकी है कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक

**नई दिल्ली (ए)।** 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र की करीब 49 फीसदी आबादी को कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक लग चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार 18 से 44 वर्ष उम्र वर्ग के करीब 59.7 करोड़ लोगों में से 15 फीसदी को टीके की पहली खुराक लगाई जा चुकी है। सरकार ने कहा है कि देश में अब तक कुल 33.1 करोड़ लोगों का टीकाकरण हो चुका है। 21 से 28 जून के बीच रोजाना औसतन 57.68 लाख लोगों का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के आंक़ड़ों के अनुसार एक मई से 24 जून के बीच 56 फीसदी खुराक ग्रामीण इलाकों में दी गई, जबकि 44 फीसदी खुराक शहरी क्षेत्रों में लगाई गई। इसने बताया कि 45 वर्ष से 59 वर्ष के बीच के लोगों की आबादी करीब 20.9 करोड़ है, जिनमें से 42 फीसदी लोगों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई जा चुकी है। दस मई को कोविड-19 के सर्वाधिक मामले दर्ज किए जाने के बाद कोरोना वायरस के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 85 फीसदी की कमी आई है।

### मंद पड़ रहा है कोरोना का कहर लगातार तीसरे दिन दर्ज हुए 50 हजार से कम केस

**नई दिल्ली (ए)।** पिछले 24 घंटे के अंदर भारत में कोरोना वायरस के 45 हजार 951 नए मामले दर्ज किए गए हैं और इस दौरान 817 कोरोना मरीजों ने दम भी तोड़ा है। यह लगातार तीसरा दिन है जब देश में कोरोना के नए केस 50 हजार से नीचे रहे हों। हालांकि, ताजा मामले बीते दिन की तुलना में ज्यादा हैं, जब यह आंकड़ा 40 हजार से भी नीचे आ गया था। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में एक दिन के अंदर कोरोना से 60 हजार 729 लोग ठीक भी हुए हैं। भारत में अब कोरोना के इलाजरत मरीजों की संख्या घटकर 5 लाख 37 हजार 64 पर आ गई है। बीते डेढ़ महीने से भी ज्यादा वक्त से भारत में कोरोना से ठीक होने वालों का आंकड़ा इसके दैनिक मामलों से ज्यादा रहता है। इसी के साथ अब तक भारत में कोरोना के कारण कुल 3 लाख 98 हजार 454 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, इस संक्रमण से अब तक कुल 2 करोड़ 94 लाख 27 हजार 330 लोग ठीक हो चुके हैं।

---

प्राइवेट स्कूलों को निर्देश

# जल्द से जल्द ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत चयनित बच्चों के दाखिलों की प्रक्रिया करे पूरीः मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली सरकार द्वारा शिक्षा को लेकर आज दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें प्राइवेट स्कूलों को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के दाखिला प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने और शिक्षा निदेशालय द्वारा 19 जुलाई से 31 जुलाई के बीच स्पेशल पीटीएम का आयोजन शामिल है। उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसकी जानकारी साझा की।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्राइवेट स्कूलों को अपने स्कूलों में नर्सरी एडमिशन के दौरान कुल सीटों का 25त्न आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित रखना होता है। दिल्ली सरकार ड्रा के द्वारा इन आरक्षित सीटों पर स्टूडेंट्स का चयन करती है। उपमुख्यमंत्री ने साझा किया कि इस साल भी लगभग 32500 बच्चों को ईडब्ल्यूएस कैटगरी के तहत प्राइवेट स्कूलों में दाखिले के लिए चयनित किया गया है और उनके नाम स्कूलों को भेज दिया गया है।



दाखिले की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा स्कूल पहले सामान्य श्रेणी के 3 बच्चों का एडमिशन करते है उसके बाद ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 1 बच्चे का। लेकिन कोरोना की इस विषम परिस्थितियों में स्कूलों में सामान्य श्रेणी के एडमिशन पूरे नहीं हो पाए है जिसकी वजह से स्कूल ईडब्ल्यूएस श्रेणी के बच्चों को दाखिला देने से मना कर रहे है। उपमुख्यमंत्री ने प्राइवेट स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे जल्द से जल्द ईडब्ल्यूएस श्रेणी में चयनित बच्चों के दाखिलों की प्रक्रिया पूरी करे। दिल्ली सरकार इन स्कूलों को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के दाखिले पर फीस व अन्य शुल्क के रूप में प्रति बच्चा प्रतिमाह 2260 रुपये देती है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्राइवेट स्कूलों को इस राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने स्पेशल पीटीएम की घोषणा करते हुए कहा कि कोरोना के कारण स्कूलों का खुलना अभी तय नहीं है। स्कूल बंद होने और बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई होने के कारण पेरेंट्स की भी भूमिका बदलती जा रही है। इसलिए ये निर्णय लिया गया है कि कोविड संबंधी सभी प्रोटोकाल का पालन करते हुए 19 जुलाई से 31 जुलाई के बीच दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में एक स्पेशल पीटीएम का आयोजन किया जाएगा और अभिभावकों को बच्चों की आगे की पढ़ाई और कोरोना काल में पैरेंटिंग से संबंधित जानकारी दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों के पेरेंट्स से अपील की, कि सभी पेरेंट्स ये सुनिश्चित करे कि उन्हें स्कूलों में जाकर अपने बच्चों के शिक्षकों से मिलना है। इसके अलावा कक्षा 6 के लिए जॉइंट पीटीएम का आयोजन किया जाएगा। हर साल लगभग 1.5 लाख बच्चे प्लान एडमिशन के तहत एमसीडी स्कूलों से दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा 6 में दाखिला लेते है। ये पीटीएम इन बच्चों के लिए काफी महत्वपूर्ण होगी। सरकार ने निर्णय लिया है कि कक्षा 6 के लिए होने

---

## महाराष्ट्र सरकार कोरोना-काल में राजनीति रैलियों पर रोक लगाएः बांबे हाईकोर्ट

**मुंबई (ए)।** बंबई हाईकोर्ट ने कहा है कि महाराष्ट्र सरकार को महामारी के दौरान लागू कोविड-19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वाली राजनीतिक रैलियों कोरोकना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी की पीठ ने पूछा कि कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए बड़ी सभाओं पर रोक के बावजूद इस महीने की शुरुआत में पड़ोसी नवी मुंबई में एक हवाई अड्डे के नाम को लेकर आयोजित रैली सहित ऐसी रैलियों की अनुमति कैसे दे दी गई।

पीठ ने कहा कि अगर राज्य भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने में असमर्थ रही, तो अदालत को दखल देना पड़ेगी और ऐसी किसी भी राजनीतिक रैली पर रोक लगानी होगी। उच्च न्यायालय ने राज्य के



महाधिवक्ता आशुतोष कुंभकोनी से कहा, महाराष्ट्र सरकार कोविड-19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वाली किसी भी राजनीतिक रैली को रोकने के लिए अपने तंत्र को सक्रिय करना होगा। हाईकोर्ट ने कहा अगर आप इसे संभाल नहीं सकते हैं, तो इसे अदालत को करने दें। हम ऐसा नहीं होने देंगे। हम अदालतें बंद कर रहे हैं, हम महामारी के मद्देनजर राज्य की ओर से लागू प्रोटोकॉल और प्रतिबंधों का पालन करने की वजह से पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे हैं और फिर भी, ये राजनीतिक नेता रैलियों का आयोजन कर रहे हैं? पिछले हफ्ते, हजारों लोगों ने सीबीडी बेलापुर इलाके में प्रदर्शन किया था।

उनकी मांग की थी कि निर्माणाधीन नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम स्थानीय नेता दिवंगत डीबी पाटिल के नाम पर रखा जाए। उन्होंने हवाई अड्डे का नाम शिवसेना के दिवंगत प्रमुख बाल ठाकरे के नाम पर रखने के फैसले को रद्द करने की मांग की। विरोध रैली का जिक्र करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि हवाई अड्डा अभी तैयार भी नहीं हुआ है, लेकिन लोग इसके नाम पर राजनीति के लिए रैलियां कर रहे हैं। उच्च न्यायालय ने पूछा हमने सोचा था कि अधिकतम 5,000 लोग होंगे।

## धनबाद में सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई अनियंत्रित बस, 50 यात्री घायल

**धनबाद (ए)।** झारखंड के धनबाद जिले के राजगंज थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर एक बस अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। इस घटना में 50 लोग घायल हो गए हैं, जिसमें चार की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि जीटी रोड पर पहले से खड़े एक ट्रक में अनियंत्रित बस ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार लगभग सभी लोग घायल हो गए। बस में जरूरत से ज्यादा लोग सवार थे। यात्रियों ने बताया कि ड्राइवर ने नींद में ट्रक में टक्कर मार दी। यह बस छपरा से कोलकाता जा रही थी। बस में सवार अधिकांश यात्री मजदूर थे, जो कोलकाता मजदूरी के लिए जा रहे थे। हादसे के बाद पांच एंबुलेंस घटनास्थल पर बुलाई गईं, जिनसे घायलों को एसएनएमएमसीएच धनबाद में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद बस का मेन गेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसकी वजह से घायल यात्रियों को बस से निकालने में बड़ी

## सीएम सिक्युरिटी के पीएसओ ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**भोपाल(ए)।** प्रदेश के सीएम शिवाराज सिंह चौहान की सिक्युरिटी में बतौर पीएसओ पदस्थ एक आरक्षक ने बुधवार सुबह खूद की सर्विस रिवालवर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। खुदकुशी के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है।



खबर लिखे जाने तक पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल मृतक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अधिकारियो के अनुसार अजय पाल सिंह सेंगर 10 वीं बटालियन विदिशा में आरक्षक थे, ओर फिलहाल वह बतौर पीएसओ सीएम सिक्युरिटी में तैनात चल रहे थे। अजय मंगलवारा स्थित पटेल नगर में किराए के मकान में रह रहे थे बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे थाना पुलिस को उनको खूद के सर्विस रिवालवर से गोली मारने की जानकारी मिली थी। उन्होने कनपटी पर रिवाल्वर रखकर गोली मारी थी। मंगलवारा थाना इलाके में स्थित फ्लैट पर उनका शव मिला। बताया गया है कि बुधवार सुबह जब वह सीएम की सिक्योरिटी में अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो उन्हें ढूंढते हुए उसके रिश्तेदार अजय के फ्लैट पर गए, वहां उनका शव नजर आने पर रिश्तेदार ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा कमरे की तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट फिलहाल नहीं मिला। अधिकारियो ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सीएम सिक्योरिटी में अजय की ड्यूटी बुधवार को सुबह लगाई गई थी।

---

दमोह में बूथ स्तर पर उतारी थी कार्यकर्ताओं की टीम और परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आया

## दमोह पैटर्न पर उपचुनाव लड़ेगी कांग्रेस



**भोपाल (ए)।** दमोह उपचुनाव में जीत से उत्साहित कांग्रेस अब तीन विधानसभा और एक लोकसभा उपचुनाव भी दमोह पैटर्न पर लडने़ जा रही है। भोपाल में संगठन स्तर पर इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। बड़े नेताओं को चुनावी क्षेत्रों में बैठक लेने भेजा जा रहा है। जिस तरह बूथ पर कांग्रेस ने अपनी टीम उतारी थी, उसी पैटर्न पर काम शुरू हो चुका है। खंडवा लोकसभा के साथ-साथ पृथ्वीपुर, जोबट और रैगांव विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। चुनाव आयोग कभी भी इन सीटों पर चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। इसको लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों दल अपनी तैयारियों में लगे हुए हैं। कांग्रेस भाजपा से एक कदम आगे जाकर खंडवा लोकसभा का प्रत्याशी घोषित करने की तैयारी में है। यहां अरुण यादव का नाम लगभग तय माना जा रहा है, वहीं बाकी बची तीन विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी चयन की कवायद चल रही है। प्रदेश में भाजपा की सरकार काबिज होने के बावजूद हाल ही में दमोह उपचुनाव जीती कांग्रेस चारों सीटों पर दमोह पैटर्न पर चुनाव लडने़ की तैयारी कर रही है। इसके लिए पूर्व मंत्रियों और विधायकों को इन क्षेत्रों में जाकर बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की टीम मजबूत करने की जवाबदारी दी गई है। नेता पहले दौर की बैठक भी करके आ चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के मुताबिक बूथ के कार्यकर्ताओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बूथ के साथ-साथ वार्ड और ब्लॉक के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक भी रखी जा रही है। कांग्रेस ने यही तरीका दमोह में अपनाया था और जीत दर्ज की थी।

### जल्द होगी प्रत्याशी चयन की बैठक

पिछले सप्ताह भोपाल में कांग्रेस की बैठक होना थी, लेकिन सोनिया गांधी द्वारा दिल्ली में बैठक बुलाए जाने के बाद यह आगे बढ़ा दी गई। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही भोपाल में पार्टी की बैठक होने जा रही है, जिसमें प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पूरी कर नाम घोषित कर दिया जाएगा। वैसे खंडवा से अरुण यादव तय हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर उनके नाम की घोषणा रोक रखी है।

## हमीदिया-सुल्तानिया में नर्सेस की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

### डी-ब्लॉक के पास नर्सों ने एकत्रित होकर अपनी मांगों के समर्थन में की नारेबाजी, नर्सेस एसोसिएशन की अध्यक्ष बोली- अब मांगे पूरे होने तक काम बंद रहेगा

**भोपाल (ए)।** वेतन बढ़ोतरी समेत अन्य मांगों को लेकर हमीदिया और सुल्तानिया अस्पताल की नर्से बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई। सुबह नर्से हमीदिया अस्पताल परिसर में बने डी-ब्लॉक के पास एकत्रित होने लगे। जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। इधर अस्पताल प्रबंधन ने हड़ताल को देखते हुए मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए तीन दिन के लिए नर्सिंग स्टूडेंट्स और एनआरएचएम की तरफ से तैनात नर्सेस की रोस्टर बनाकर ड्यूी लगाई है। नर्सेस एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष मंजू



मेश्राम ने कहा कि हमारी मांगे पूरी नहीं होने तक हम अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से आश्वासन देने के बावजूद हमारी मांगों को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब हमारी मांगे पूरी नहीं होने तक काम बंद रहेगा।

हमीदिया की 300 और सुल्तानियां की 100 नर्सेस ने अपनी मांगों को नहीं मानने पर सोमवार को एक दिन के सामूहिक अवकाश पर जाने का ऐलान किया था। सोमवार सुबह नर्सेस अधीक्षक कार्यालय के सामने एकत्रित हुई। यहां हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक और गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन के आश्वासन के बाद नर्सेस काम पर लौट गई थी। मंगलवार को दोबारा नर्सेस यूनियन ने बैठक की और अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया।

### यह है मांगे

- 2004 के बाद नियुक्त सभी स्टाफ नर्सों की पुरानी पेंशन लागू की जाए।
- कोरोना काल में काम करने वाली नर्सेस को दो वेतन वृद्धि दी जाए।
- 2018 के आर्दश भर्ती नियमों में संशोधन करते हुए 70 प्रतिशत, 80 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत का नियम हटाया जाए एवं प्रतिनियुक्ति समाप्त कर स्थानांतरण की प्रक्रिया चालू की जाए।
- सरकारी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेजों में सेवारत नर्सेस को उच्च शिक्षा के लिए आयु सीमा बंधन हटाया जाए।
- कोरोना काल में अस्थाई रूप से भर्ती की गई नर्सेस को नियमित किया जाए।
- अन्य राज्यों की तरह प्रदेश के समस्त नर्सेस का स्टाफ नर्स से पदनाम पदलकर नर्सिंग

## अखिलेश ने खुद संभाली चुनाव की कमान

**नई दिल्ली (ए)।** जिला पंचायत चुनाव अध्यक्ष चुनाव को अपने पक्ष में लाने के लिए समाजवादी पार्टी अब एड़ी चोटी जोर लगा रही है। करीब 40 सीटों से अधिक सीटों पर भाजपा-सपा के बीच सीधा मुकाबला दिख रहा है। अपने कई प्रत्याशियों के दूसरे पाले में चले जाने के बावजूद सपा इस जंग में पीछे नहीं रहना चाहती है। अब बाकी जगह वह मजबूती से टक्कर देने में जुटी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अब चुनाव की कमान खुद संभाल ली है। वह चुनाव



वाले जिलों के प्रत्याशियों व पदाधिकारियों से फीडबैक ले रहे हैं। पार्टी के जीते पंचायत सदस्यों को समझा कर एकजुट रहने का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही किसी प्रभाव में आने देने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में भी इस मुद्दे पर जिलों के लोगों को बुलाकर समस्याओं का समाधान करा रहे हैं। विपक्ष में रहते हुए सबसे ज्यादा जिला पंचायत सदस्य जीतने को सपा अपनी बड़ी उपलब्धि मान रही है। ऐसे में जिला पंचायत अध्यक्ष भी उसी अनुपात में जिताने की कोशिश है। अब तक 20 से ज्यादा जिलों में भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष निर्विरोध चुने जा चुके हैं।

---

# अभिभावकों पर गुस्सा हुए शिक्षा मंत्री, बोले- मरना है तो मर जाओ

### प्राइवेट स्कूलों की फीस वसूली की शिकायत करने गए थे अभिभावक

**भोपाल।** प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वसूली की शिकायत करने मंत्री के पास पहुंचे अभिभावकों पर प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भडक गए और उन्हें अपशब्दों से नवाज दिया। मंत्री परमार ने उनसे कह दिया कि जो करना है करो, मरना है तो मर जाओ। पालक संघ ने अब मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो मंगलवार का है जब स्कूली छात्रों के अभिभावक मंत्री से मिलने उनके घर गए थे। पालक संघ के प्रतिनिधियों ने कोरोना काल में प्राइवेट स्कूलों की फीस वसूली पर आपत्ति जताई तो मंत्री भड़क गए। उन्होंने अभिभावकों से कह दिया कि मरना है तो मर जाओ। पालक संघ के प्रतिनिधियों ने मंत्री से कहा कि कोरोना संक्रमण के चलते स्कूलों में पढ़ाई नहीं हो रही है, लेकिन निजी स्कूल फीस वसूल रहे हैं। अभिभावकों ने शिक्षा मंत्री से इस पर लगाम लगाने का अनुरोध किया। इसी बात पर परमार का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया औक उन्होंने अभिभावकों को बुरा-भला कह दिया। बताया जा रहा है कि पालक




संघ के प्रतिनिधि मंत्री से बात कर रहे थे, तभी उनका कैबिनेट मीटिंग में जाने का समय हो गया। अभिभावकों ने मंत्री से कहा कि कोरोना काल में वे वैसे ही परेशान हैं। प्राइवेट स्कूलों की फीस वसूली उनके लिए बड़ी समस्या बन गया है। ऐसी स्थिति में क्या वे मर जाएं। इस पर मंत्री जी ने कहा कि मरना है तो मर जाओ, जो करना है करिए। ये कहते हुए मंत्री अपनी कार में बैठकर वहां से रवाना हो गए। अभिभावकों के साथ दुर्व्यवहार का वीडियो वायरल होने के बाद उनके इस्तीफे की मांग उठने लगी है। पालक संघ ने कहा है कि मंत्री को छात्रों की चिंता नहीं है और उन्हें अपना पद छोड़ देना चाहिए। इस बारे में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक जीतू पटवारी का कहना है ?कि मुख्यमंत्री जी, कोरोना संकट के कारण गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार गहरे आर्थिक संकट में फंसे हैं। ऐसे हालात में स्कूल फीस कम करवाने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री के पास गए अभिभावकों और पालक संघ के सदस्यों के साथ अस्वीकार्य शब्दों का प्रयोग किया गया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा मंत्री के इस अशोभनीय आचरण की कठोर शब्दों में निंदा करती है और मांग करती है कि ऐसे अहंकारी मंत्री को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त किया जाए। सरकार के मुखिया के रूप में मुख्यमंत्री भी प्रदेश के सभी अभिभावकों से क्षमा मांगें।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री एवं शिवपुरी विधयाक श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया आज आएंगी शिवपुरी



शिवपुरी। खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया एक दिवसीय प्रवास के दौरान आज 01 जुलाई को शिवपुरी में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया आज 01 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे शिवपुरी आएंगी और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगी। सायं 05 बजे शिवपुरी स ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगी।

### अब एक जुलाई को होगा विभिन्न केंद्रों पर कोरोना वैक्सीनेशन

शिवपुरी। 21 जून से शुरू हुआ कोरोना महावैक्सीनेशन अभियान 30 जून को खत्म हो जाएगा, लेकिन वैक्सीन की कमी के चलते जिले में तय किए गए लक्ष्य से थोड़ी दूर रह गए। इतना ही नहीं महाभियान खत्म होने से दो दनि पहले ही वैक्सीनेशन भी बंद हो गया और अब मंगलवार व बुधवार को वैक्सीन नहीं लगेगी, एक तरफ जहां महाभियान का लक्ष्य भी कम रह गया, वहीं जिले में तय किए वक्सीनेशन के लक्ष्य में अभी तक महज 26 फीसदी लोगों को ही वैक्सीन लग सकी है। अब 1 जुलाई को वैक्सीनेशन किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक जिले में वैक्सीनेशन महाभियान के दौरान 1 लाख 2 हजार लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें अभी तक 93781 लोगों को वैक्सीन लग गई तथा वैक्सीन न होने की वजह से यह लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया। मामले को लेकर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषिश्वर का कहना है कि सोमवार को 5190 डोज मिले थे जिनके लिए 17 कैंप लगाए गए। अब मंगलवार और बुधवार को वैक्सीन न होने की वजह से अब यह 1 जुलाई को कोरोना महावैक्सीनेशन शिविरका आयोजन किया जाएगा जबकि 3 जुलाई को केवल सैकेंड डोज के लिए कोवैक्सीन मिलेगी।

### जानकी सेना संगठन ने चार बार राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त जेलर विजय सिंह मौर्य का किया सम्मान

शिवपुरी। धर्म प्रसार और समाज सेवा जैसे अनेकों धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाली और अपनी अलग पहचान रखने वाली जानकी सेना संगठन अपनी परंपरा निभाते हुए वरिष्ठ सदस्यों का सेवा सम्मान कर रही है। वरिष्ठ सदस्यों के सेवा सम्मान के क्रम में अब चार बार राष्ट्पति पुरस्कार प्राप्त जेलर विजय सिंह मौर्य को सम्मानित किया है। जानकी सेना संगठन मप्र के सदस्यों द्वारा संगठन के वरिष्ठ सदस्य 4 बार राष्टपति पुरुस्कार प्राप्त एवं श्योपुर जेल अधीक्षक विजय सिंह मौर्य का स्थानीय जेल कार्यालय श्योपुर में कोरोना काल में दी गई विशेष सेवा सहयोग एवं सदैव संगठन के प्रति सेवाभाव में बने रहने एवं अब तक 386 सेवा अवार्ड और इंडिया फेसिफिक अवार्ड प्राप्त होने पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विक्रम सिंह रावत अध्यक्ष जानकी सेना संगठन, अतर सिंह रावत वरिष्ठ सदस्य, देवेंद्र सिंह रावत उपाध्यक्ष, बहादुर सिंह रावत सह सचिव, गोविंद सिंह रावत, अजय भार्गव, सेवक हजीखेड़ी, लक्की आदि सभी ने संगठन में सदैव सक्रिय भूमिका में बने रहने के लिए आभार व्यक्त किया और साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। बता दें कि कोरोना संक्रमण काल के चलते जानकी सेना संगठन द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से लोगों को सम्मानित किया जा रहा था लेकिन अब लॉकडाउन खुलने के बाद लोगों को प्रत्यक्ष रूप से सम्मानित किया जा रहा है।

# बूढ़ी बरोद एवं बरोद में मिले टीबी के 12 गंभीर मरीज, विषवैल समझकर करा रहे थे झाड़फूक




शिवपुरी।

टीबी रोगियों को चिह्नित करने और उन्हें इलाज के दौरान भोजन व पोषण सहायता राशि दी जाती है। इसके तहत मरीजों को प्रत्येक माह पांच सौ रुपये के हिसाब से भुगतान बैंक खाते में किया जाता है। निजी डॉक्टरों को भी टीबी मरीजों की जानकारी सीएमएचओ और जिला क्षय रोग अधिकारी को देनी है। निक्षय पोर्टल पर भी मरीज का विवरण देना है। टीबी रोगी चिह्नित करने पर पांच सौ रुपये और इलाज पूरा करने पर पांच सौ रुपये प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। मंगलवार को आदिवासी बाहुल्य ग्राम वीरपुर एवं बू?ी बरोद में शक्तिशाली महिला संगठन एवं जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी कार्यालय द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित टीबी जागरुकता एवं टीबी की जांच शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक रवि गोयल ने बताया कि गर्भवती माताओं किशोरी बालिकाओं एवं कुपोषित बच्चों में टीबी की जांच की जिसमें कि अकेले बू?ी बरोद में 9 टीबी के गंभीर मरीज एवं आदिवासी बाहुल्य ग्राम बीरपुर में 3 गंभीर मरीज चिन्हित किये जिनको डॉ. व्यास ने जिला टीबी अस्पताल भेजने की सलाह दी।तपेदिक रोग मुक्त बनाने के लिए संक्रमण की समय पर पहचान एवं उपचार अनिवार्य है। समाज को तपेदिक से मुक्त करने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। कि सभी गांव वाले मिलकर जब तक एक भी टीबी का मरीज गांव में न रहे तब तक हमको मिलकर टीबी के लिए ल?ना होगा एवं खुद के घर के साथ साथ अगर दूसरे घर में भी टीबी का कोई भी सदिंग्ध मरीज है तो इसको उपचार एवं दवाईयो के लिए आशा कार्यकर्ता के माध्यम से जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी से सम्पर्क करना होगा। डॉ. आशीष व्यास ने गांव वालो को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी गर्भवती माता जिसमे टीबी के कोई भी लक्षण पाए जाते है तो वह तत्काल टीबी अस्पताल में अपनी जाचं कराए क्योकि गर्भवती माता से उसके होने वाले बच्चे को भी टीबी होने की संभावना हो सकती है। इसके साथ किशोरी बालिकाए जिनको 15 दिन तक खासीं हो, रात को तेज बुखार रहता है, लगातार वजन का कम होना एवं भूख न लगना जैसे लक्षण हो तो आप अपनी बलगम की जांच कराए उन्होने कहा कि टीबी फैलने वाला रोग भी है और रोगियों की समय से पहचान न की जाए तो अन्य स्वस्थ लोगों के संक्रमित होने का खतरा भी रहता है। वे उन सभी लोगों और संगठनों का आभार व्यक्त किया जो तपेदिक मुक्त अभियान को मजबूत कर रहे हैं। सही समय पर सही उपचार से तपेदिक के रोग को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। इसलिए हमको गांव को टीबी मुक्त करने के लिए आज ही संकल्प लेना होगा। इसके साथ उन्होने बुधवार को ऐसे 9 टीबी मरीजो को चिन्हित किया जिनको कि गर्दन में गठाने प? गयी है जिसमें कि मवाद प?ने लगा है जो कि प्रथम दृष्ट्या टीबी होने का संकेत है इन सभी को जांच के लिए जिला टीबी अस्तपाल बुलाया है। उन्होने कहा कि टीबी की 6 माह की दवा का पूरा कोर्स करने पर इसको पूर्ण तरीके से ठीक किया जा सकता है आप गोली खाकर उसपे लिखे टोली फ्री नम्बर पर मिस कॉल देना होगा जिससे कि आपके प्रतिदिन समय पर दवाई के कोर्स शुरु करने की सूचना संधारित की जायेगी एवं जिस दिन आपके द्वारा गोली नही खायी जायेगी तो उसका पता लग जाएगा। आज टीबी जांच शिविर में गढीबरोद एंव वीरपुर की सुपोषण सखी, आंगनवा?ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं किशोरी बालिकाओ के साथ शक्तिशाली महिला संगठन की पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका अदा की।

## कोविड-19 के दौर में भी गेहूं उपार्जन और खरीदी में दिया कर्मचारियों ने अहम योगदान : डिप्टी कलेक्टर मनोज गरवाल

**कोरोना वांलिटयर्स के रूप में कार्य करने वाले स्टेट वेयर हाउस और नागरिक आपूर्ति निगम कर्मचारियों का किया सम्मान**

शिवपुरी- कोविड-19 के दौर जब लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे थे तब गेहूं उपार्जन, परिवहन और खरीदी के कार्य में भी स्टेट वेयर हाउस और नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा जिला कलेक्टर के निर्देशन में अपनी कर्तव्य का बखूबी निर्वहन किया गया और वह कर्मचारी जिन्होंने इस कोविड-19 के दौर में अपने कार्य को प्राथमिकता दी ऐसे कर्मचारियों का सम्मान करना उन्हें मनोबल प्रदान करने के समान है मारूतिनंदन लॉजिस्टिक कॉर्पोरशन के प्रबंधक हरज्ञान प्रजापति के द्वारा यह कार्य किया जाना निश्चित रूप से सभी कर्मचारियों के द्वारा कोरोना काल में किए गए कार्य में अहम योगदान पर सम्मान करना इन्हें प्रोत्साहित करने के समान ही है। उक्त उद्गार प्रकट किए डिप्टी कलेक्टर व स्टेट वेयर हाउस एवं नागरिक आपूर्ति निगम शाखा के प्रभारी मनोज गरवाल ने जो स्थानीय ग्राम किरौली स्थित श्रीमारूतिनंदन लॉजिस्टिक कॉर्पोरशन के वेयरहाउस प्रांगण में आयोजित वेयर हाउस कर्मचारियों के सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी विपिन पटेल, जिला प्रबंधक आपूर्ति निगम एस.एन.माहेश्वरी, वेयर हाउस मैनेजर राजेश पाठक, कैप प्रबंधक एस.एस.वर्मा, मार्कफेड डीएम श्री रावत सहित ठेकेदार व मारूतिनंदन लॉजिस्टिक कॉर्पो. के प्रबंधक हरज्ञान प्रजाति, दाताराम व घनश्याम प्रजापति आदि मौजूद रहे जिन्होंने यहां स्टेट वेयर हाउस व नागरिक आपूर्ति निगम के वह कर्मचारी जिन्होंने कोरोना काल में अपनी सेवाऐं दी ऐसे सभी कर्मचारियों का यहां अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण कर शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पाने वालों में सुनील, संजय, बंटी, धर्मेन्द्र, सतीश, सतीश शाक्य, मिथुन, विकास, कल्ला, शिवांश, दीपक परिहार पप्पू, महाराज सिंह, श्याम, महेश प्रजापति आपूर्ति निगम से विजय राठौर, विजय शर्मा, रविन्द्र सोलंकी, कपिल चंदेल सहित प्रशांत, पवन, मुरारी आदि का भी कोरोना काल में अपने कार्य को प्राथमिकता देने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश गोयल रजत ने जबकि आभार प्रदर्शन हरज्ञान प्रजापति के द्वारा व्यक्त किया गया।

## रोटरी क्लब ने कोरोना काल समय में वर्ष भर सेवा कर मिसाल दी : कलेक्टर

### कोविड-19 में भारतीय समाज में ज्ञान और जागरूकता का आंकलन विषय को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**शिवपुरी।** शहर की समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब के द्वारा 'कोविड-19 में भारतीय समाज में ज्ञान और जागरूकता का आंकलन' विषय पर कलेक्टर अक्षय सिंह व पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के मुख्यातिथ्य में होटल सोनचिरैया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब अध्यक्ष अमिताभ त्रिवेदी व सचिव विकास अग्रवाल ने बताया कि प्रोग्राम का उद्देश्य 'कोविड.19 भारतीय समाज में ज्ञान और जागरूकता का आंकलन' विषय पर कलेक्टर अक्षय सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा निस्संदेह इस कोरोना काल में प्रशासन के साथ मिलकर भरपूर काम किया है। रोटरी क्लब द्वारा अनेकों कार्यक्रमो के साथ ही टीकाकरण में भी 29 वैक्सिनेशन कैम्प लगाकर लगभग 5000 लोगों को वैक्सीन करवाया, इसके लिये क्लब अध्यक्ष अमिताभ त्रिवेदी और उनकी टीम की सेवा भावना की उन्होंने सराहना की साथ ही उन्होंने भविष्य के में ऐसी स्थतिया न देखनी पड़े, उसके लिये अधिक से अधिक बृक्षारोपण करने की आवश्यकता बताई, जिसके लिये रोटेरियन तेजमल साँखला व जिनेश जैन ने आगे अपने फार्म हाउस पर बृहद रूप में बृक्षारोपण का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने कहा कि ये एक वर्ष बहुत ही कठिनाइयों व चुनोतियाँ पूर्ण रहा है, इस विपरीत समय में रोटरी क्लब के द्वारा जो कार्य किये गये उनकी भरपूर सराहना की विशेष रूप से बृक्षारोपण एवम रोटरी सिंगिंग स्टार प्रोग्राम, टीकाकरण की पूरी 29 कैम्प की श्रखला के लिये अध्यक्ष अमिताभ त्रिवेदी व सचिव विकास अग्रवाल को बधाई दी।




इस दौरान संस्था को सहयोग करने वाले मीडियासाथियों विपिन शुक्ला, संजीव बांझल, अजयराज सक्सैना, ललित मुदगल, निशि भार्गव, नेपाल पाल, राजू यादव ग्वाल को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषिश्वर, बीएमओ कोलारस डॉ.अलका त्रिवेदी, डॉ.सुशील वर्मा, सी.पी.जैन,एएनएम अलका श्रीवास्तव, गीता केवट व कपिल सहगल, मुकेश जैन सभी को मोमेंटो देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में दीप्ति त्रिवेदी व संध्या अग्रवाल ने इनरव्हील क्लब अध्यक्ष कुसुम ओझा, सचिव भारती जैन व प्रिया अरोरा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अंत मे क्लब अध्यक्ष अमिताभ त्रिवेदी ने कलेक्टर अक्षय सिंह व एसपी राजेश चन्देल, असिस्टेंट गवर्नर सर्वेश अरोरा, एमओसी दीपेश साँखला एवम पत्रकार बंधुओं, स्वास्थ विभाग से उपस्थित अतिथियों व रोटरी साथियों को आभार प्रेषित किया।

## भानु प्रताप रैकवार ने किया रक्तदान


शिवपुरी।

मंगलवार की रात 10: 00 बजे ब्लड बैंक में ओ पॉजिटिव ब्लड 100 द्वद्य में नहीं था ब्लड बैंक के स्टाफ भानु प्रताप रैकवार ने ड्यूटी पर अपना खुद का ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया जिस बच्चे को ओ पॉजिटिव ब्लड लगना था वह बच्चा 2 साल का था बच्चे का नाम सबगुण नाम है अशोकनगर से शिवपुरी आए हुए थे मंगलवार को भानु प्रताप रैकवार ने 54 वर्ष के होने के बाद भी उन्होंने अपना फर्ज निभाया और 2 साल के बच्चे को ब्लड देकर जय माई मानव सेवा समिति फर्ज निभाया भानु प्रताप रैकवार जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करती है जय हिंद जय भारत रक्तदान महादान यह देता है दूसरों को नया जीवनदान ।



## विकास को मुंह चिढा रहे देहरदा पचावली मार्ग पर हुए दो दो फिट के गड्ढे

**शिवपुरी।** कोलारस, पचावली व खतौरा अशोक नगर का मार्ग भले ही अभी कुछ समय पूर्व तैयार हुआ हो लेकिन हाल ही में उसके खस्ता हाल सड़कों की दुर्दशा की ओर किसी भी प्रशासनिक अधिकारी का कोई ध्यान नहीं हैं। जबकि अभी पूरी सड़क का कार्य पूर्ण भी नहीं हुआ हैं उससे पहले ही उस सड़क में दो-दो फिट गहरे गड्ढे बनकर तैयार हो गए हैं।जहाँ अभी ठीक से बारिश शुरू भी नहीं हुई हैं। बारिश के समय इस सड़क का और क्या हाल होगा। इसकी चिंता अभी से नागरिकों को सताने लगी हैं। इतना ही नहीं सड़क बनाने वाले कर्ताधर्ताओं के द्वारा टोल टैक्स चालू कर दिया गया, जबकि अभी ठीक से पचावली का पुल निर्र्माण कार्य भी अभी पूर्ण नहीं हुआ हैं। जनप्रतिनिधि विकास को लेकर अपनी पीठ खुद भले ही थप-थापा रहे हों या उनके चंद गुर्गो को निर्देशित करें कि हमने विकास की गंगा क्षेत्र में बाहाई है, उसका जनता के बीच जाकर गुणगान करो लेकिन कोलारस के विकास की कहानी



इस समय देहरदा से लेकर पारसौल तक कि रोड़ स्वतः की बखान कर रही है, क्षेत्र में बनी सड़कों की हालत कितनी दयनीय बनी हुई हैं। इस रोड की इतनी हालत खराब है कि अनेक मोटर मालिक अपने मोटरें इस रोड़ पर चलाने में अपनी असमर्थता तक जता ने लगे है, वही कुछ आमजन के कहना है कि हमारे जनप्रतिनिधियों ने बड़े ही दम से कहा था कि जब तक रोड़ और पचावली पुल का निर्माण नहीं हो जाता तब तक कोई टोल टैक्स नहीं दिया जाएगा पर एक साल से भी अधिक समय हो गया न रोड़ की दुरस्ती करण कराया हैं न ही उस सड़क की ओर ठेकेदार द्वारा ध्यान दिया जा रहा हैं। आने जाने वाले नागरिकों से टोल टैक्स बसूला जा रहा हैं। इस बात की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। जबकि अभी तक न पुल का निर्माण पूर्ण हो पाया हैं बल्कि रोड़ की खस्ता हालत होने के कारण नागरिक काफी परेशान बने हुए हैं। आए दिन नागरिक रोड़ के गड्डों के कारण रोड़ पर दुर्घटनाएं तो हो ही रही है साथ ही वाहनों में भी भारी टूट फुट हो रही है। क्षेत्र के आम नागरिकों ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गड़करी राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से इस ओर ध्यान दिये जाने की मांग की है।

## अपना घर आश्रम में प्रभुजी सेवा कर लायन्स क्लब साउथ ने वर्ष 2020-21 का किया समापन डॉक्टर्स व सीए डे पर सम्मान समारोह कर नवीन टीम को सौंपा जाएगा दायित्व

शिवपुरी।

कोविड-19 के दौर में भी शासन की गाईड लाईन का पालन करते हुए वर्ष 2020-21 का सफल कार्यकाल लायन्स व लायनेस क्लब शिवपुरी साउथ के अध्यक्ष ला.राकेश जैन प्रेमस्वीट्स, सचिव सौरभ सांखला, कोषाध्यक्ष कृष्णमोहन अग्रवाल बंटी सहित लायनेस क्लब साउथ अध्यक्षा श्रीमती सीमा गोयल, सचिव श्रीमती प्रियंका भार्गव व कोषाध्यक्ष श्रीमती आनंदिता गांधी का रहा जिन्होंने पूरे वर्ष एक ओर जहां ऑनलाईन कार्यक्रम किए तो वहीं दूसरी ओर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और कोविड-19 के दौर में मास्क, सेनेटाईज, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, एम्बुलेंस आदि जनसुविधाओं की व्यवस्थाओं में लायन्स व लायनेस क्लब शिवपुरी साउथ ने अहम योगदान दिया। अपने वर्ष 2020-21 के सेवा कार्यकाल समापन भी शहर के मनियर स्थित अपना घर आश्रम में पहुंचकर यहां प्रभुजियों की सेवा कर समापन किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों की वैवाहिक वर्षगांठ का अवसर भी यहां देखने को मिला जिस पर समस्त लायन्स व लायनेस क्लब साथियों ने उन सभी लायन्स साथियों के वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाऐं देते हुए एक-दूसरे को माला-पहनाकर उन्हें विवाह वर्षगांठ की शुभकामनाऐं दी तो वहीं मिष्ठान खिलाकर एक-दूसरे का मुंह भी मीठा कराया। इस दौरान सेवा कार्य करते हुए यहां वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर वरिष्ठ सदस्य लायन पी.डी.सिंघल ने जहां आज के पूरे आयोजन की सहयोग राशि स्वरूप भोजन व्यवस्था करने का जिम्मा लिया तो वहीं लायन्स क्लब शिवपुरी साउथ अध्यक्ष राकेश जैन ने अपने विवाह वर्षगांठ के अवसर पर 1000 रूपये की राशि दान कर इस पुण्य कार्य में योगदान दिया। साथ ही संस्था सचिव कृष्णमोहन अगव्राल के द्वारा 100 साबुन भी यहां प्रभुजियों के लिए स्वयं की ओर से



भेंट किए गए। इसके अलावा लायन्स क्लब लायन रवि पोद्दार द्वारा आज दिनाक 1 जुलाई के संपूर्ण भोजन तो वहीं दूसरी ओर लायन बृजेश गोयल के द्वारा कल दिनाक 2 जुलाई के सम्पूर्ण भोजन का लाभ लिया गया। इस अवसर पर लायन्स क्लब साउथ के सचिव सौरभ सांखला ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया और बताया कि अब से वर्ष 2021-22 की नवीन शुरूआत भी आज 01 जुलाई से होने जा रही है जिसमें सत्र समापन के दौरान यहां नवीन कार्यकारिणी टीम का माल्यार्पण कर स्वागत और पदभार सौंपा जाएगा तो वहीं 01 जुलाई डॉक्टर्स एवं सीए.डे के अवसर पर लायन्स व लायनेस क्लब के चिकित्सकों व सीए मेम्बरों का स्वागत सम्मान स्थानीय होटल स्टार गोल्ड में रात्रि 8ः00 बजे से किया जाएगा। जहां नवीन टीम को अपने सेवा कार्यकाल की शुरूआत के लिए यहां सम्मान कर उन्हें पदभार भी सौंपा जाएगा। समस्त लायन्स व लायनेस क्लब साउथ के पदाधिकारी व सदस्यों से आग्रह किया गया है कि आज 01 जुलाई को स्टार गोल्ड होटल में आयोजित डॉक्टरर्स-सीए डे कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होकर आयोजन को सफल बनाऐं।

## नैनो न्यूज

### नगरीय प्रशासन आवास एवं कोविड-19 प्रभारी मंत्री आज भिण्ड आएंगे

**सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया के साथ जिला अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन प्लांट सीटी स्कैन मशीन के उद्घाटन समारोह में होंगे शामिल**

भिण्ड। मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास एवं भिण्ड जिले के कोविड-19 प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत 1 जून को भोपाल से भिण्ड आएंगे जहां भिण्ड एवं मेहगांव में अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कि नगरीय प्रशासन आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया अपने एक दिवसीय निर्धारित कार्यक्रम के तहत 1 जुलाई को भोपाल से ग्वालियर आएंगे और वहां से बाय रोड होते हुए मेहगांव आएंगे जहां अपने स्थित निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। राज्यमंत्री भदौरिया मेहगांव से 1 जुलाई को सुबह 9 बजे भिण्ड के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया के साथ जिला अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन प्लांट सीटी स्कैन मशीन के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### फेसबुक पर महिला के अश्लील फोटो युवक ने किये वायरल

भिण्ड। एक महिला से पहले एक युवक ने दोस्ती की, जिसके बाद उसके अश्लील फोटो खींच लिए और सोशल मीडिया फेसबुक साइड पर अपलोड कर दिये, जब महिला को यह बात पता चली तो थाने पहुंचकर आरोपी युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। यह वारदात मेहगांव थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.5 में घटित हुई। पुलिस ने पीड़िता क शिकायत पर आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 67 आईटी एक्ट 509 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय महिला निवासी कुमरुआ थाना देहात ने बताया रविवार दोपहर 1.30 बजे आरोपी वीरेन्द्र पुत्र प्रकाश जाटव निवासी वार्ड क्र.5 चंदोखर के पार जिनसे महिला के पिता के घर वार्ड क्र.5 में आपत्तिजनक फोटो खींच लिए जिसके बाद फेसबुक पर भी वारयल कर दिये और उसकी लज्जा भंग हो गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

### करंट लगने से मजदूर की मौत, दो लोगों पर एफआईआर

भिण्ड। अमायन थाना क्षेत्रान्तर्गत एक मजदूर को उसके मालिक ने खेत में लगे आम के पेड़ पर चढ़ा दिया और ऊपर बिजली का करंट चल रहा था, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल के बाद खेत मालिक महिला व एक व्यक्ति के विरुद्ध धारा 304ए भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस के अनुसार विगत 3 जून 2021 सुबह 7.30 बजे नंदू पुत्र सुरेश शाक्य निवासी गहेली को उसके मालिक नरेन्द्र त्यागी पुत्र सरमन, सीता पत्नी रविन्द्र त्यागी निवासी गहेली ने खेत में लगे आम के पेड़ पर चढ़ा और ऊपर से बिजली की लाइन निकल रही थी, जिसे मजदूर देख नहीं सका और उसे करंट लग गया।

# पीएम नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संयुक्त आह्वान पर वैक्सीन लगवाकर अटेर विधानसभा क्षेत्र को कोरोना मुक्त बनाएं: डॉ. अरविंद भदौरिया

### सहकारिता मंत्री ने वैक्सीन लगवाने के लिए सर्वसमाज की जनता को किया जागृत

### सहकारिता मंत्री ने अटेर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए के किए लोकार्पण एवं भूमिपूजन





भिण्ड। पीएम नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान और सत्ता और संगठन के आव्हान पर कोविड-19 के बचाव कार्य के लिए वैक्सीन टीकाकरण अभियान को प्रारंभ किया गया है जिसमें अटेर विधानसभा क्षेत्र की सर्व समाज की जनता जागृत होकर जिले को कोरोना मुक्त बनाने के लिए परिवार सहित वैक्सीन लगवाकर अपना बचाव कार्य करें। उपरोक्त उद्गार मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने अपने दो दिवसीय जनसंपर्क कार्यस्त्र5म के दौरान ग्राम पंचायतों में वैक्सीन जागृत अभियान एवं लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया ने कहा कि इस संकट की घड़ी में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश की जनता के साथ कठिन परिस्थितियों से जंग को लड़ रहे हैं, जिसमें आप सभी का जन सहयोग भी अति आवश्यक है। उन्होंने अपने जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्व समाज की जनता को आग्रह करता हूं कि हम आगे आकर इस अभियान में वैक्सीन लगवाएं। उन्होंने कहा कि तीसरी लहर भी आने की संभावना है, इससे हमें पहले से ही पूर्ण रूप से सचेत हो जाना चाहिए और वैक्सीन लगवाकर अपने बूथ को कोरोना से मुक्त करें।

उन्होंने प्रदेश में कोविड-19 का प्रभाव कम हुआ है और लोग लापरवाही कर रहे हैं। 90 प्रतिशत लोगों ने मास्क लगाना छोड़ दिया है और शारीरिक दूरी का भी पालन नहीं कर रहे हैं, इसके लिए जनता को जागृत करने हेतु वरिष्ठ अधिकारी विशेष ध्यान देकर उन्हें मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें जिससे कोविड-19 से बचाव रखा जा सके। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन और सत्ता और संगठन इस जटिल समस्या के समाधान के लिए महाभारत के युद्ध की तरह लड़ रहे हैं और आप सभी का जन सहयोग भी अति आवश्यक है, इससे ही भारत कोरोना मुक्त होगा और व्यक्ति अपने को सुरक्षित महसूस करेगा।



### कोरोना पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है शिवराज सरकार:

सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोविड-19 के प्रति संवेदनशील होकर पीड़ित परिवारों के लिए अनेकों योजना चलाई हैं। जिसमें 5 हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन, बच्चों को निशुल्क शिक्षा, निशुल्क राशन, अनुकंपा नियुक्तिया जैसी कई योजनाएं हैं, जिन्हें संचालित करते हुए उन्हें लाभ दिलाने का काम किया है। इस संकट की घड़ी में शासन प्रशासन और पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता सेवाभाव से उनकी जनसेवा के लिए कार्य कर रहा है।

### वैक्सीन अभियान को लेकर कांग्रेस झूठे आंकड़ों के साथ जनता को कर रही है भ्रमित:

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है न उनके पास नीति है मात्र वैक्सीन अभियान को लेकर झूठे आंकड़ों के साथ जनता को भ्रमित कर उसमें व्यवधान डालने का कार्य किया है। वैक्सीन ही हमारी सुरक्षा का कवच है। सरकार ने 18 वर्ष की आयु के युवाओं को भी निशुल्क वैक्सीन लगवाने का आव्हान करते हुए जागृत किया है। कांग्रेस के लोग स्वार्थ की राजनीति कर इस अभियान पर राजनीति कर समाज के साथ धोखा कर रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी जी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में वैक्सीन को लेकर फैलाई जा रही झूठी अफ्वाहों को दूर करते हुए कहा हैं कि विरोधी दल की बातों में हमें नहीं आना हैं। वैक्सीन ही हमारे सुरक्षा का कवच है, जिसे हम सभी लोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

### डॉ. भदौरिया ने ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया:

मध्यप्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने अपने दो दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के पीपरी मंडल के ग्राम पंचायत रजपुरा, जंजारीपुरा, बेंदीपुरा, पाली, पावई, पिथनपुरा, नरसिंहगढ़, जारी, देहरा में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया और कहा कि अटेर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। शिवराज सरकार अटेर को चंबल एक्सप्रेस वे के माध्यम से जोड़कर आगे बढ़ाएंगे, जिसके लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जमीन का आवंटन कर भारत सरकार के पास प्रस्ताव पहुंचा दिया है। शीघ्र ही कार्यवाही प्रारंभ होगी और उसका भूमि पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया के साथ मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया, जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला नरवरिया, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर, जिला मंत्री रक्षपाल सिंह राजावत, मंडल अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया, ग्राम पंचायत नायक सुघर सिंह नरवरिया, ग्राम पंचायत लावन सरपंच लालजी सिंह नरवरिया, जनपद उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदोरिया, संतोष सिंह भदौरिया प्रमुख कार्यकर्ता उपरोक्त कार्यक्रमों में शामिल रहे।

# कोरोना काल मे मृत लोगो को सोनिया भेजेंगी शोक संदेश



### कोरोना से मृत लोगो को आर्थिक सहायता प्रदान करें सरकार

भिण्ड। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव मध्य प्रदेश के प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी ने आज जिला कांग्रेस कार्यालय ग्वालियर में ग्वालियर चंबल संभाग के जिला अध्यक्ष विधायक और जिले में प्रभारी बनाए गए सदस्यों की संयुक्त बैठक ली उक्त बैठक में कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देशन से कोरोना संक्रमण में ग्वालियर चंबल संभाग में जितने भी परिवारों में जनहानि हुई है उनकी जानकारी एकत्रित करने के लिए निर्देश दिए गए। भिण्ड कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयश्रीराम बघेल ने भी बैठक में शिरकत की। तथा सभी ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलएसेक्टर प्रभारियों को जानकारी एकत्रित करने हेतु निर्देश दिए। अखिल भारतीय कांग्रेस की अध्यक्षा सोनिया गांधी सभी के यँहा शोक संदेश भेजकर पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता हेतु सरकार से मांग करेगी।

### सेवा दल की ओर से कल्लू मुदगल हुए शामिल

उक्त बैठक में सेवादल की और से प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर शर्मा कल्लू मुदगल शामिल हुए जिसमे सुधांशु त्रिपाठी ने बुंदेलखंड राज्य में संगठन को मजबूत करने के लिए विस्तार से चर्चा की और मेरे द्वारा भी सचिव प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी जी को बुंदेलखंड की बैठक में आने के लिए आमंत्रित किया आज की बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्षों में सर्व अशोक सिंह ग्वालियर ग्रामीण देवेंद्र शर्मा ग्वालियर शहर भिंड जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जय श्रीराम बघेल जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक दांगी शिवपुरी के जिला अध्यक्ष प्रकाश शर्मा मुरैना शहर के अध्यक्ष पंकज शर्मा ग्रामीण प्रभारी राजेंद्र यादव विधायकों में सर्व लाखन सिंह जी सतीश सिंह सिकरवार बैजनाथ कुशवाहा और राम सेवक सिंह बाबूजी ने भाग लिया सचिव महोदय से मुलाकात करने वालों में सर्वश्री महाराज सिंह पटेल मितेंद्र सिंह अहिबरन कंसाना और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारि शामिल हुए।

# पदौन्नति, पदनाम,डी,ईन्कीमेंट एव पुरानी पेंशन के लिए शिक्षकों ने लहार एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भिण्ड। मप्र शिक्षक संघ के प्रांतीय निर्देश पर कल दिनांक 29 जून को लहार एवं रौन इकाई द्वारा एसडीएम महोदय लहार एवं माननीय तहसीलदार महोदय रौन को तीन प्रमुख मांगों के लिए मप्र के मुख्यमंत्री शिक्षामंत्री एवं मुख्यसचिव के नाम ज्ञापन दिया गया। मप्र शिक्षक के संभागीय अध्यक्ष संतोष दीक्षित ने बताया कि शिक्षकों की प्रथम मांग के रूप में प्रदेश मे कार्यरत शिक्षक संवर्ग जिनका सेवाकाल 30 से 35 बर्ष हो गया परंतु शासन प्रशासन की विसंगति पूर्ण नीतियों के चलते उन्हें अभी तक एक भी पदौन्नति का लाभ नहीं मिला जिसके कारण वह हत्तोसाहित है उनका सम्मान रखने के लिए उन्हें पदनाम दिया जाये जैसा इसी प्रदेश मे गृह विभाग ने दिया है जिसके लिए शासन पर कोई व्ययभार नही आना है और मुख्यमंत्री जी इसे बर्ष 2017 में शिक्षकों के समक्ष एक कार्यक्रम में सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर चुके है।दूसरी प्रमुख मांग पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर की गई है जिससे नवीन शैक्षणिक संवर्ग में व्याप्त भविष्य की चिंताओं को दूर किया जा सकेण्तीसरी मांग के रूप में श्री दीक्षित ने बताया कि शिक्षक संवर्ग ने कोरोना काल मे भी शासन प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कोरोना के खिलाफअपनी जान जोखिम मे डाल कर अपना संपूर्ण योगदान दिया है उसके वाद सामन्य स्थित वहाल होने के वाद भी उन्हें बर्ष 2020 से डीए ईन्कीमेंट से वंचित रखा जा रहा है।ज्ञापन के माध्यम से शासन को चेतावनी भी दी गई है कि इन न्यायोचित मांगों का शीघ्र ही निराकरण नही किया गया तो 2 जुलाई 21को जिला स्तर पर ज्ञापन की श्रंखला के वाद प्रांतीय स्तर पर सरकार के समक्ष जंगी प्रदर्शन किया जावेगा। ज्ञापन देने वालों मे बृजेन्द्रसिंह राजावत जिला सचिव भिंड, अशोक मिश्रा तहसील अध्यक्ष लहार, कैलाश प्रजापति चन्द्र प्रकाश शर्मा, सुबोध सिंह, मनमोहन रजक, राजीव सिंह, अवनीश शर्मा, अम्बीष श्रीवास्तव, सुरेश शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित थे।



# राज्यमंत्री राठखेड़ा ने किया 122.45 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन, कांग्रेस पर साधा निशाना

### बोले-यही लोग कहते थे वैक्सीन मत लगवाना मर जाएंगे और सबसे पहले छिप-छिपकर वैक्सीन लगवा रहे हैं

पोहरी






पोहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कोरोना योद्धाओं का सम्मान समारोह एवं बैराड़ में नगर परिषद द्वारा 122.45 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक सुरेश राठखेड़ा मौजूद रहे, वहीं विशेष अतिथि के रूप में सांसद विवेक नारायण शेजवलकर मौजूद रहे। राज्यमंत्री सुरेश राठखेड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोग युद्ध में लड़ाई लडने् जाते हैं यदि ढाल लेकर जाएं और तलवार घर छोड़ जाएं तो वह जीत नहीं पाएंगे और तलवार ले गए और ढाल नहीं ले गए तो भी युद्ध में लड़ा नहीं जा सकता। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि कोरोना रूपी युद्ध में ढाल हमारा मास्क और तलवार हमारी वैक्सीन है जब दोनों हमारे पास होंगे तभी हम कोरोना को हरा पाएंगे। हमारे परिवार का एक भी सदस्य बिना वैक्सीन लगवाए नहीं छूटना चाहिए, वैक्सीन की हमारे पास कोई कमी नहीं है। कांग्रेसियों पर कटाक्ष करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि यही लोग कहते थे कि वैक्सीन मत लगवाना मर जाएंगे और सबसे पहले छिप-छिपकर यही लोग वैक्सीन लगवा रहे हैं। इस प्रकार हमारे भोले भाले लोगों को बहकाने काम कर रहे हैं। राज्यमंत्री श्री राठखेड़ा ने कहा कि बहुत दिनों से सुनने में आ रहा है कि सरकुला डेम नहीं बनेगा, नहीं बनेगा मैं दावे के साथ कह रहा हूं कि सरकुला डेम एक हजार परसेंट बनेगा और सरकुला डेम नहीं बनेगा तो सुरेश राठखेड़ा वोट मांगने नहीं आएगा। जिस सरकुला डेम का भूमिपूजन प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री और हमारे नेता श्रीमंत सिंधिया जी और सांसद जी ने किया हो उसे बनने से कौन रोक सकता है। हां देर हो रही है उसके भी कारण है इसके लिए हमें एनओसी चाहिए उसकी जांच चल रही हैं। श्री राठखेड़ा ने कहा कि यशोधरा राजे सिंधिया महाराज प्रभारी बनीं जब हमें एक-एक चीज की जरूरत पड़ती तो उनसे बात करते थे तो वह तत्काल व्यवस्था करती थीं। कई बार एक-एक डेढ़-डेढ़ बजे मैंने महाराज से बात की, हमारे लोकप्रिय सांसद जी से बात की हमारे लोकप्रिय नेता श्रीमंत जी से बात की, हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री से बात की। बात करने के एक-दो घंटे बाद इंजेक्शन हो चाहे वैक्सीन व्यवस्था हो जाती थी। कोरोना सम्मान समारोह में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, सफाईकर्मी, नगर परिषद के कोरोना याद्धाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसडीएम जेपी गुप्ता, एसडीओपी निरंजन सिंह राजपूत, पूरन कुशवाहा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद पोहरी, तहसीलदार सतेन्द्र गुर्जर, महिला बाल विकास अधिकारी नीरज गुर्जर सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद है।

#### इन विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

बैराड़ नगर परिषद द्वारा आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में राज्यमंत्री सुरेश राठखेड़ा द्वारा 122.45 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया जिसमें बैराड़ तालाब सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य लागत 25.14 लाख रुपए, भदेरा माता मंदिर से गुड्डी रजक के मकान तक नाला निर्माण कार्य लागत 64.85 लाख रुपए, बैराड़ कॉलोनी मुक्तिधाम में टीनशेड एवं कमरा निर्माण कार्य लागत 16.26 लाख, वार्ड क्र. 09 में पोहरी मोहना रोड से छात्रावास के कोने तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 11.02 लाख रुपस, नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत शासकीय हाईस्कूल परिसर बैराड़ एवं मुक्तिधाम बैराड़ में नलकूप खनन कार्य लागत 2.90 लाख रुपए।

# पं. गिरीश बने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) परशुराम सेना मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष



भिण्ड। भारतवर्ष में विगत 12 वर्षों से संचालित एवं 20 राज्यों में सक्रिय, सुसंगठित, व्यवस्थितए अनुशासित तथा ब्राह्मणों के हितों की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित सामाजिक संगठन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न माननीय पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी प्रदेश प्रमुख संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार डॉ केशव पांडेय के मार्गदर्शन अनुसारए संगठन के प्रदेश प्रभारी पंडित भूपेंद्र बालोठिया प्रदेश संयोजक दिनेश दंडोतिया की सहमति पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अतुल शर्मा की अनुशंसा पर परशुराम सेना प्रदेश अध्यक्ष पं. जितेन्द्र शर्मा के द्वारा पं. गिरीश शर्मा भिण्ड को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा परशुराम सेना मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया।

## पंजाब में कलह

पंजाब में विधानसभा चुनाव होने में जब कुछ ही माह बाकी रह गए हैं, ऐसे में कांग्रेस में जारी घमासान का अंत होते नहीं दिखना पार्टी को गहरे संकट में डालने वाला है। कांग्रेस के इतर दूसरी पार्टियां रणनीति बनाने में जुटी हैं। अकाली दल और बसपा गठजोड़ कर चुकी हैं। भाजपा जमीन मजबूत करने में लगी है। आम आदमी पार्टी के पिटारे से फ्री के वादे निकलने लगे हैं, वहीं कांग्रेस गुटबाजी में फंसी है। आधी पार्टी पंजाब में है तो आधी दिल्ली में। कभी मुख्यमंत्री आलाकमान को मनाने दिल्ली दरबार में पेश होते हैं तो कभी सीएम पर दबाव बनाने विरोधी नेता। पंजाब में मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के खिलाफ फूटे असंतोष को कांग्रेस समिति भले ही शांत करने का दावा करे, मगर वास्तव में वहां सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। कांग्रेस समिति ने दावा किया है कि पंजाब कांग्रेस एकजुट होकर अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी। मगर जिस तरह अमरिंदर सिंह को न राहुल गांधी ने मिलने का वक्त दिया और न ही सोनिया गांधी ने, उससे साफ है कि केंद्रीय नेतृत्व भी असमंजस में है। अब नवजोत सिंह सिद्धू राहुल और प्रियंका से मिले हैं। दोनों से मुलाकात के बाद सिद्धू का क्या रुख होगा, यह आने वाले दिनों में साफ होगा। पंजाब विधानसभा के चुनाव नजदीक आ रहे हैं और ऐसे समय में पार्टी के भीतर असंतोष उसके लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। पहले ही अकाली दल ने बहुजन समाज पार्टी से हाथ मिला कर कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। ऐसे में अगर कांग्रेस कार्यकर्ता और नेताओं में असंतोष बना रहता है, तो उसकी मुश्किलें बढ़ेंगी ही। कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ न केवल नवजोत सिंह सिद्धू ने, बल्कि कई असंतुष्ट विधायकों और मंत्रियों ने भी मोर्चा खोल रखा है। वे सब मुख्यमंत्री के कामकाज के तरीके से नाराज हैं। उनका कहना है कि अमरिंदर सिंह न तो अपने मंत्रियों और विधायकों से ठीक से बात करते हैं और न किसी फैसले में आम राय बनाने का प्रयास करते हैं। वहां कांग्रेस नेताओं की यह शिकायत नई नहीं है। शुरू से अमरिंदर सिंह के खिलाफ असंतोष के स्वर उभरते रहे हैं। दो साल पहले भी इसी तरह तनातनी बढ़ी थी, तो मंत्रिमंडल में फेरबदल करके असंतुष्ट नेताओं को शांत करना पड़ा था। मगर इस बार तो सरकार में शामिल नेता भी मुख्यमंत्री के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। इसे लेकर कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की चिंता समझी जा सकती है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में पंजाब ही एक ऐसा राज्य है, जहां कांग्रेस को अपनी कामयाबी की कुछ उम्मीद थी, मगर वहां पार्टी में कलह से इस उम्मीद पर पानी फिरता नजर आ रहा है। पंजाब में कांग्रेस को जिस तरह की चुनौतियों का सामना कर पड़ रहा है, वह ज्यादा गंभीर इसलिए है कि यह मुश्किल पार्टी को अपने विपक्ष या किसी अन्य दल की ओर से नहीं पेश की जा रही है, बल्कि मुख्य वजह अंदरूनी स्तर पर मतभेदों का गहराते जाना है। हालत यह हो गई है कि कांग्रेस को इस कलह पर काबू पाने के लिए तीन सदस्यों की एक समिति गठित करनी पड़ी और संबंधित नेताओं को तलब करना पड़ा। मंगलवार को इस समिति के सामने पेश होने के बाद नवजोत सिंह सिद्धू ने जिस तरह कहा कि %सत्य प्रताड़ित हो सकता है, पराजित नहीं', उससे साफ लगता है कि आपसी खींचतान से उलझा मामला अभी आसानी से नहीं सुलझने वाला है। मामला अब केवल सिद्धू तक सिमटा नहीं हुआ है। विधायक परगट सिंह और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कुछ अन्य नेताओं ने भी मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। सच यह है कि पिछले कुछ समय से अमरिंदर सिंह और सिद्धू के बीच एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी में जिस स्तर की तल्खी देखी गई है। उसमें किसी सरोकार के बजाय महत्वाकांक्षाओं का टकराव ही ज्यादा दिखता है। यह जरूर कहा जा सकता है कि अगर पार्टी कलह का हल जल्दी नहीं निकाल सकी तो उसके बाद राज्य में जैसी राजनीतिक अस्थिरता पैदा होगी, उसका असर जनता के हित पर पड़ेगा।

# मुसलमान बनाने से ज़्यादा ज़रूरी है एक अच्छा इन्सान बनना-बनाना

**कहीं धर्म विशेष के व्यक्ति के साथ मॉब लिंचिंग की घटना घटित हो रही है, कहीं किसी को तस्करी के आरोप में फंसाया जा जा रहा है**

**तनवीर जाफ़री**



जैसे जैसे उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों का समय नज़दीक आता जा रहा है,देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास भी तेज़ कर दिये गए हैं। कहीं धर्म विशेष के व्यक्ति के साथ मॉब लिंचिंग की घटना घटित हो रही है,कहीं किसी को तस्करी के आरोप में फंसाया जा जा रहा है। कहीं किसी से बलपूर्वक जय श्री राम का नारा लगवाया जा रहा है तो कहीं गौ तस्करी या गौ हत्या के प्रयास के नाम पर हिंसा की जा रही है। कहीं किसी की दाढ़ी जबरन काटी जा रही है तो कहीं मस्जिदें ढहाई जा रही हैं। गोया देश में सोची समझी रणनीति के तहत नफ़रत का माहौल बनाया जा रहा है ताकि देश के बहुसंख्य हिन्दू समाज के लोगों के मन में मुसलमानों की ओर से नफ़रत व भय पैदा किया जा सके। और कोरोना के भयावह परिणामों से क्षुब्ध जनता को एक बार फिर हिंदुत्व के नाम पर अपने पक्ष में संगठित किया जा सके। सत्ता के इन प्रयासों को प्रचारित कर घर घर पहुँचाने का काम भी बड़े ही सुनियोजित तरीक़े से मीडिया विशेषकर अधिकांश बिकाऊ टी वी चैनल्स द्वारा किया जा रहा है। पिछले दिनों इसी तरह का एक और ज्वलंत मुद्दा सरकार व गोदी मीडिया के हाथ लगा जिसे %धर्म परिवर्तन रैकेट % का नाम दिया जा रहा है। इस सिलसिले में मोहम्मद उमर गौतम और मुफ़्ती काज़ी जहांगीर आलम क़ासमी नामक दो व्यक्तियों को गिरफ़्तार करने के बाद इनपर आनन फ़ानन में कई गंभीर इलज़ाम भी लगाए जा चुके हैं। जैसे कि उत्तर प्रदेश पुलिस के अनुसार ये धर्मगुरु एक बड़ी साज़िश के तहत पाकिस्तानी ख़ुफ़िया एजेंसी आईएसआई के अतिरिक्त अन्य कई देशों से धर्म परिवर्तन करने हेतु पैसे लिया करते थे। इन धर्मगुरुओं ने अनेक हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन करवाया तथा उनकी शादियां करवाई हैं। पुलिस के अनुसार ऐसी 100 से अधिक लड़कियों की जानकारी प्राप्त हुई है जिनका धर्म परिवर्तन करवाया गया है.÷ । इन धर्मगुरुओं पर यह भी आरोप है कि यह लोग मूक-बधिर छात्रों के अलावा ग़रीब लोगों को भी पैसों,नौकरी व शादी का लोभ देकर उनका धर्म परिवर्तन करा मुसलमान बना रहे थे। और इन सबसे गंभीर आरोप यह भी है कि यह धर्मगुरु मूक-बधिर छात्रों का धर्म परिवर्तन करने के बाद कथित तौर पर इन बच्चों का इस्तेमाल आतंकवादी हमलों में मानव बम के रूप में भी करते थे।

निश्चित रूप से सुनने में यह सभी आरोप प्रथम दृष्ट्या बेहद संगीन प्रतीत होते हैं। और अगर यह या इनमें से कुछ भी आरोप सही हैं तो यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आते हैं। और ऐसे अपराधों की कड़ी से कड़ी सज़ा ज़रूर मिलनी चाहिए। परन्तु गत लगभग तीन दशकों से यही देखा जा रहा है कि धर्म परिवर्तन या गौकशी अथवा आतंकवाद या आतंकी को संरक्षण देने जैसे अपराधों के नाम पर पकड़े गए दर्जनों लोगों को देश की अनेक अदालतों द्वारा सिर्फ़ इसलिए बाइज़्ज़त बरी किया जा चुका है क्योंकि पुलिस ने गिरफ़्तारी के समय तो उनके विरुद्ध आरोप ज़रूर मढ़ दिये परन्तु वही पुलिस इनके विरुद्ध अदालत में न तो मज़बूत साक्ष्य पेश कर सकी न ही गवाहियां। नतीजतन कई कई वर्षों तक जेल की सलाख़ों के पीछे रहने व मानसिक रूप से प्रताड़ित होने के बाद इनमें से अनेक लोग रिहा कर दिए गए। ऐसे अनेक लोग रिहाई के बाद जब अपने घरों को पहुंचे तो उनकी दुनिया ही उजड़ चुकी थी। किसी का बाप मर चुका था तो किसी की मां नहीं रही। किसी की नौकरी व कारोबार चला गया तो आतंकवाद का लांछन लगने के चलते कोई समाज की उपेक्षा का शिकार है। कोई जवान होकर जेल गया था तो बेगुनाही के साथ बूढ़ा होकर जेल से बाहर निकला। ज़ाहिर है ऐसे लोगों की न केवल अपनी दुनिया उजड़ गयी बल्कि इनका पूरा परिवार ही बर्बाद हो गया। ऐसे लोगों की भरपाई करने के लिए न ही सरकार के पास कोई योजना है न ही सामर्थ्य। इन पिछली अनेक गिरफ़्तारियों व इनकी बेगुनाही के साथ हुई रिहाई के बाद पिछले दिनों धर्म परिवर्तन रैकेट के नाम पर गिरफ़्तार किये गए लोगों के प्रति संदेह पैदा होना भी स्वभाविक है। परन्तु प्रचार तंत्र की वर्तमान प्रचार शैली व मीडिया ट्रायल के द्वारा तो इन्हें एक तरह से दोषी ठहराया ही जा चुका है।

बहरहाल,कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कराए जाने विशेषकर ग़ैर मुस्लिम लोगों को मुसलमान बनाए जाने के इस प्रोपेगण्डे के बीच इस विषय से संबंधित कुछ बिंदुओं पर चर्चा करना ज़रूरी है। एक तो यह कि किसी भी धर्म का कोई भी व्यक्ति अपनी इच्छानुसार तथा बिना किसी लालच या दबाव के किसी भी धर्म में शामिल हो सकता है यह उसका निजी मामला है तथा वह इसके लिए पूर्णतयः स्वतंत्र है। ठीक इसके विपरीत किसी को लालच या भय दिखाकर अथवा धोखा देकर धर्म परिवर्तन कराना न केवल अपराध है बल्कि यह नैतिक व धार्मिक दृष्टिकोण से भी पूरी तरह ग़लत है। ख़ास तौर पर इस्लाम तो इस बात की इजाज़त ही नहीं देता कि किसी को जबरन या भय दिखाकर इस्लाम की दावत दी जाए। और जो लोग विशेषकर जो मुस्लिम धर्मगुरु इस लालच से यह काम करते भी हैं कि किसी को मुसलमान बनाने से उनकी जन्नत की सीट पक्की हो जाएगी तो कम से कम ऐसे लोगों को इस्लाम और मुसलमानों की वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिगड़ती हुई छवि पर तो ज़रूर नज़र डालनी चाहिए। आज मुसलमान कितने वर्गों में विभाजित है? एक अल्लाह,एक रसूल और एक क़ुरान होने के बावजूद अधिकांश मुस्लिम देश हिंसा व उथल पुथल का शिकार हैं। पूरे विश्व में एक मुस्लिम समुदाय ही स्वयं को मुस्लिम कहने वाले अन्य वर्ग के प्रति हिंसा व नफ़रत के लिए उतारू है। दुनिया का मुस्लिम विरोधी एक बड़ा वर्ग शांति समानता व सद्भाव की बात करने वाले इस धर्म का मज़ाक़ उड़ाने लगा है।

ऐसे में मेरे विचार से इस्लामी दावत केंद्र संचालित करने से कहीं ज़्यादा ज़रूरी है कि न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के मुसलमान सर्वप्रथम अपने आपसी मतभेदों को भुलाने की कोशिश करें। ईरान और अरब के मध्य के विवाद जो शिया सुन्नी विवाद की शक्ल में पूरे विश्व में फैल चुके हैं पहले उन्हें मिटाने की कोशिश करें। यदि कोई धर्मगुरु या कोई मिशन यह सोचता है की वह दूसरे धर्म-विश्वास के लोगों को इस्लाम धर्म में शामिल कर पुण्य अर्जित कर रहा है और उसी समय वही धर्मगुरु या वही मिशन मुसलमानों के ही किसी वर्ग से नफ़रत करता है या उन्हें नीचा दिखाने पर आमादा है तो उसकी सारी क़वायद बेमानी है। इस्लाम धर्म मुस्लिम जगत की एकता से स्वयं

# कश्मीर चुनाव की सुगबुगाहट से प्रधानमंत्री मोदी की छवि और चमकेगी

**अशोक भाटिया**



जम्मू-कश्मीर पर 8 क्षेत्रीय दलों के 14 नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा की साढ़े तीन घंटे चली मीटिंग से माहौल थोड़ा खुशनुमा तो हुआ ही है । प्रधानमंत्री आवास पर आयोजित बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दलों को साधने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कामयाब हो गए हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले ब्रांड मोदी की वैल्यू बढ़ाना भाजपा के लिए बहुत जरूर हो गया था , खासकर बंगाल चुनाव की शिकस्त के बाद और उत्तर प्रदेश में अगले साल होने जा रहे विधानसभा चुनावों से पहले , जम्मू-कश्मीर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताजा पहल के बाद ये काम काफी आसान हुआ लगता है ।आने वाले चुनावों में जम्मू-कश्मीर की चर्चा तो होनी ही थी, लेकिन अब कई तरीके से हो सकेगी । ये तो पक्का सुनने को मिलेगा कि भाजपा को लोगों ने वोट नहीं दिये तो उत्तर प्रदेश में भी कश्मीर जैसी हालत हो जाएगी । ये लाइन बड़ी ही अजीब है, लेकिन राजनीति में कई बार कहा कुछ और जाता है और उसके मतलब बड़े ही अलग निकाले जाते हैं । ये कोई थोड़े ही पूछ पाता है कि क्या मौजूदा कश्मीर जैसी हालत हो जाएगी या फिर अगस्त, 2019 से पहले वाली, लेकिन संदेश यही जाता है कि पाकिस्तान परस्त आतंकवाद फैलने लगेगा । जैसे कहा तो सिर्फ यही जाता है कि अगर कब्रिस्तान बनता है तो श्मशान भी बनना चाहिये या ईद पर बिजली रहती है तो दिवाली पर भी रहनी चाहिये, लेकिन ऐसी बातें बड़े आराम से मंजिल तक का सफर तय कर लेती हैं । अब तो चुनावों में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 खत्म करने के चुनावी वादे पूरे करने के जिक्र के साथ कश्मीरी नेताओं से प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत के बाद दुनिया में भारत की सकारात्मक छवि निखरने की भी चर्चा होगी , और लगे हाथ इसे पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक पटखनी देने के तौर पर भी प्रोजेक्ट किया ही जाएगा । जम्मू-कश्मीर पर बातचीत क्या आगे पीछे भी हो सकती थी? अगर ऐसा हो सकता था तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अचानक सर्वदलीय बैठक बुलाने की वजह क्या रही होगी? कश्मीरी नेताओं और प्रधानमंत्री मोदी के बीच ये बैठक 24 जून, 2021 को हुई है । ध्यान दें तो मालूम होता है कि देश कांग्रेस सरकार के दौरान लागू हुई इमरजेंसी की पूर्व संध्या पर. देश में आपातकाल 25 जून, 1975 को लागू किया गया था , और उसकी अपनी अलग कहानी है ।इमरजेंसी लागू करने से चार महीने पहले ही तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने शेख अब्दुल्ला के साथ कश्मीर समझौता किया था । 24 फरवरी, 1975 को. शेख अब्दुल्ला, नेशनल कांफ्रेंस और गुपकार गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला के पिता थे. तब शेख अब्दुल्ला केंद्र में सत्ताधारी कांग्रेस की बदौलत मुख्यमंत्री बने थे और राजनीति भी उसी के भरोसे चलती रही । अब भी हालत यही है कि फारूक अब्दुल्ला या महबूबा मुफ्ती की बची खुची राजनीति के जिंदा रखने के लिए केंद्र में सत्ताधारी भाजपा के ही सपोर्ट की जरूरत आ पड़ी है। प्रधानमंत्री मोदी और कश्मीरी नेताओं के साथ मीटिंग के बाद चर्चा तो इंदिरा गांधी की भी हो रही है, लेकिन कश्मीर को लेकर नहीं बल्कि इमरजेंसी को लेकर । चाहें तो इसे भी आप एक तरीके से कांग्रेस मुक्त अभियान का हिस्सा ही समझ सकते हैं । कश्मीरी नेताओं के साथ बातचीत के बीच प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात भी सामने आयी है. नया कश्मीर बनाने की बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है - दिल्ली की दूरी के साथ-साथ दिल की दूरी को भी हटाना चाहते हैं. मुश्किल तो ये है कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने आने वाले चुनावों से पहले से ही पैर कुल्हाड़ी पर मारने शुरू कर दिये हैं । कांग्रेस नेतृत्व जहां दिग्विजय सिंह की लाइन पर कायम नजर आ रहा है, वहीं सीनियर नेता पी. चिदंबरम सरकार को घेरने के लिए अपनी अलग ही थ्योरी दे रहे हैं । चिदंबरम भी जम्मू-कश्मीर के नेताओं की पहले पूर्ण राज्य का दर्जा और बाद में चुनाव की पैरवी कर रहे हैं ।हैरानी की बात तो ये है कि सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील और केंद्रीय मंत्री रहे चिदंबरम पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग के चक्कर में चुनाव आयोग की भूमिका ही भूल जा रहे हैं । भला राज्य कब से चुनाव कराने लगा? क्या बाकी केंद्र शासित क्षेत्रों में केंद्र सरकार चुनाव कराती है? अभी अभी हुए पुडुचेरी चुनाव में आखिर किसकी भूमिका रही। चिदंबरम के नजरिये से सोचें तो चुनाव आयोग या केंद्र सरकार की?जम्मू कश्मीर में भी चुनाव तो इलेक्शन कमीशन को कराना है । अभी परिसीमन आयोग का काम पूरा नहीं हुआ है, लेकिन उसके लिए राज्य के अस्तित्व में होने की दलील हजम नहीं होती । दिल्ली को भी तो पूर्ण राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग होती रही है, लेकिन जब तक ऐसा नहीं हो रहा तब तक क्या चुनाव प्रक्रिया रोक दी गयी है ? अगर कोई दिक्कत है तो कांग्रेस की तरफ से अब तक ऐसी कोई मांग क्यों नहीं हुई?

## नरसिंहराव: कांग्रेस की कृतघ्नता

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत के प्रधानमंत्री रहे पामुलपर्ती वेंकट नरसिंहरावजी का इस 28 जून को सौवां जन्मदिन था। नरसिंहरावजी जब से आंध्र छोड़कर दिल्ली आए, हर 28 जून को हम दोनों का भोजन साथ-साथ होता था। पहले शाहजहां रोडवाले फ्लेट में और फिर 9, मोतीलाल नेहरु मार्गवाले बंगले में। प्रधानमंत्री बनने के पहले वे विदेश मंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री और मानव संसाधन मंत्री रह चुके थे। 1991 में जब वे प्रधानमंत्री बने तो हमारे तीन पड़ौसी देशों के प्रधानमंत्रियों ने मुझसे पूछा कि क्या राव साहब इस पद को ठीक से सम्हाल पाएंगे ? उन्होंने अगले पांच साल न केवल अपनी अल्पमत की सरकार को सफलतापूर्वक चलाया बल्कि उनके कामकाज से उनकी गणना देश के चार एतिहासिक प्रधानमंत्रियों-- नेहरु, इंदिरा गांधी, नरसिंहराव और अटलजी-- के रुप में होती है। राव साहब के जन्म का यह सौवां साल है। कई अन्य प्रधानमंत्रियों का भी सौवा साल आया और चला गया। उनके सौवें जन्मदिन पर हैदराबाद में उनकी 26 फुट ऊंची प्रतिमा का उदघाटन जरुर हुआ लेकिन वह किसने आयोजित किया ? किसी कांग्रेसी ने नहीं, किसी राष्ट्रवादी भाजपाई ने नहीं, बल्कि तेलंगाना (पूर्व आंध्र) के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने। क्या नरसिंहराव सिर्फ एक प्रांत के नेता थे ? वर्तमान कांग्रेस किस कदर एहसानफरामोश निकली है ? मुझे उससे ज्यादा उम्मीद इसलिए भी नहीं थी कि जिस दिन राव साहब का निधन हुआ (23 दिसंबर 2004), प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहनसिंह ने खुद मुझे फोन किया और कहा कि आप कांग्रेस कार्यालय पर पहुंचिए। वहीं उन्हें लाया जा रहा है। उस समय सुबह के साढ़े दस ग्यारह बजे होंगे। राव साहब का शव बाहर रखा हुआ था और सोनियाजी और मनमोहनसिंहजी के अलावा मुश्किल से 8-10 कांग्रेसी नेता वहां खड़े हुए थे। किसी के चेहरे पर कोई भाव नहीं था। सिर्फ मैंने उनके चरण-स्पर्श किए। शेष लोगों ने उन्हें खड़े-खड़े चुपचाप विदाई दे दी। मैंने सोचा कि राजघाट के आस-पास अंत्येष्टि के लिए कोई स्थल तैयार कर लिया गया होगा लेकिन उसी समय शव को हवाई अड्डे ले जाया गया। हैदराबाद में हुई उनकी लापरवाह अंत्येष्टि की खबर जो दूसरे दिन अखबारों में पढ़ी तो मन बहुत दुखी हुआ लेकिन 2015 में यह जानकर अच्छा लगा कि राजघाट के पास शांति-स्थल पर भाजपा सरकार ने उनका स्मारक बना दिया है। कांग्रेस के नेता चाहते तो 28 जून को उनकी

## उसका अभिमान नाश कर के छोड़ता है

जब व्यक्ति अपार धन-दौलत और आलीशान भवनों का मालिक हो जाता है तो वह स्वयं को औरों से अलग महसूस करने लगता है। ऊंचेपन की भावना के कारण वह किसी को कुछ नहीं समझता। यही भाव अभिमान है जो उसके रोम-रोम से दिखाई देता है। इस स्थिति में शेष लोग उसके लिए अवशेष हो जाते हैं। सिक्खों के पंचम गुरु अर्जन देव जी ने अपनी रचना में ऐसे लोगों को मूर्ख, अंधा व अज्ञानी माना है। जब ऐसी स्थिति आ जाती है तो वह अराजक होकर अत्याचार पर उतारू हो जाता है। गरीब और कमजोर उसके शिकार होते हैं। गुरु अर्जन देव ने अपने समय में ऐसे अत्याचारों को देखा और सामना भी किया। उनके अनुसार व्यक्ति कितना भी ऊंचा क्यों न हो जाए, अभिमान उसका नाश करके ही छोड़ता है। हृदय में गरीबी यानी विनम्रता का वास जरूरी है। इससे सारे लोकों में सुखों की प्राप्ति होती है। उन्होंने इन पवित्र विचारों को अपनी कालजयी रचना %सुखमनी साहिब में यूं लिखा है- जिस कै हिरदै गरीबी बसावै। नानक ईहा मुकतु आगै सुखु पावै। वास्तव में अभिमान निर्माण का नहीं, विनाश का लक्षण है। व्यक्ति स्वयं को महत्ता देने लगता है। अपनी अराजकता से वह आस-पास के लोगों को भी संप्रमित कर देता है। इसी आग में विकास डूबकर विनाश में परिवर्तित हो जाता है। प्राचीन काल में रावण, कंस, कौरव आदि अभिमान के ही मिथ्या जाल में फंसे थे। धार्मिक हों या राजनीतिक, आज भी कई समूह उसी राह पर बढ़ रहे हैं। अभिमान इन्हें गिरावट का ही ग्राफ दिखा रहा है, बढ़ने का नहीं। गुरु अर्जन देव के अनुसार अगर ऐसे विनाशकारी भाव से बचना है तो अपने आचार-व्यवहार में नम्रता को प्रथम स्थान देना होगा। उन्होंने आगे नम्रता को लाने का उपाय भी बताया है। अमीरी हो या गरीबी, हर हाल में व्यक्ति को उस अकाल शक्ति के निकट स्वयं को महसूस करना चाहिए-%सदा निकटि निकटि हरि जानु।% हर मनुष्य का कर्तव्य बनता है कि जिस अकाल शक्ति से उसकी उत्पत्ति हुई है वह स्वयं को उसके साथ जुड़ा रखे। यह भाव व्यक्ति को ईश्वर के प्रति कृतज्ञ होना सिखाता है, जिससे विनम्रता का जन्म होता है। इस भाव के आ जाने से व्यक्ति जितनी भी सुख-सुविधाओं से घिरा रहे, अभिमान उसे छू नहीं सकता। इस विनम्रता का अर्थ यह कदापि नहीं कि हम अत्याचार और शोषण सहते जाएं। अर्जन देव के अनुसार उस परमशक्ति से स्वयं को एकाकार करने से %निरभउ% व %निरवैर% अर्थात् निडरता व अशत्रुता का भाव पैदा होता है जो किसी भी गलत शक्ति के आगे झुकने से बचाती है।

# भारत रत्न डॉक्टर विधान चंद्र राय

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**



डॉ? बिधान चंद्र राय (जुलाई 1, 1882 - जुलाई 1, 1962) चिकित्सक तथा स्वतंत्रता सेनानी थे। वे पश्चिम बंगाल के द्वितीय मुख्यमंत्री थे, 14 जनवरी 1948 से उनकी म्रत्यु तक 14 वर्ष तक वे इस पद पर थे।बिधान रॉय को आधुनिक पश्चिम बंगाल का निर्माता माना जाता है। उनके जन्मदिन 1 जुलाई को भारत मे चिकित्सक दिवस के रूप मे मनाया जाता है। उन्हे वर्ष 1961 में भारत रत्न से सम्मनित किया गया।

### प्रारंभिक जीवन व शिक्षा

उनका जन्म खजान्ची रोड बांकीपुर, पटना, बिहार मे एक प्रवासी बंगाली परिवार में हुआ था। उनके जन्म स्थान को वर्तमान मे अघोर प्रकाश शिशु सदन नामक विद्यालय मे परिवर्तित कर दिया गया है। मात-पिता के ब्रह्मसमाजी होने से डाक्टर राय पर ब्रह्मसमाज का बाल्यावस्था से ही अमिट प्रभाव पड़ा था। उनके पिता प्रकाशचंद्र राय डिप्टी मजिस्ट्रेट थे, पर अपनी दानशीलता एवं धार्मिक वृत्ति के कारण कभी अर्थसंचय न कर सके। अत~ विधानचंद्र राय का प्रारंभिक जीवन अभावों के मध्य ही बीता। बी. ए. परीक्षा उत्तीर्ण कर वे सन् 1901 में कलकत्ता चले गए। वहाँ से उन्होंने एम. डी. की परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्हें अपने अध्ययन का व्यय भार स्वयं वहन करना पड़ता था। योग्यताछात्रवृत्ति के अतिरिक्त अस्पताल में नर्स कार्य करके वे अपना निर्वाह करते थे। अर्थाभाव के कारण डाक्टर विधानचंद्र राय ने कलकत्ता के अपने पाँच वर्ष के अध्ययनकाल में पाँच रुपए मूल्य की मात्र एक पुस्तक खरीदी थी। मेधावी इतने थे कि एल.एम.पी. के बाद एम.डी. परीक्षा दो वर्षों की अल्पावधि में उत्तीर्ण कर कीर्तिमान स्थापित किया। फिर उच्च अध्ययन के निमित्त इंग्लैंड गए। विद्रोही बंगाल का निवासी होने के कारण प्रवेश के लिए उनका आवेदनपत्र अनेक बार अस्वीकृत हुआ। बड़ी कठिनाई से वे प्रवेश पा सके। दो वर्षों में ही उन्होंने एम. आर. सी. पी. तथा एफ. आर. सी. एस. परीक्षाएँ उत्तीर्ण कर लीं। कष्टमय एवं साधनामय विद्यार्थीजीवन की नींव पर ही उनके महान् व्यक्तित्व का निर्माण हुआ।

### राजनीति में प्रवेश

स्वदेश लौटने के पश्चात् डाक्टर राय ने सियालदह में अपना निजी चिकित्सालय खोला और सरकारी नौकरी भी कर ली। लेकिन अपने इस सीमित जीवनक्रम से वे संतुष्ट नहीं थे। सन् 1923 में वे सर सुरेन्द्रनाथ बनर्जी जैसे दिग्गज राजनीतिज्ञ और तत्कालीन मंत्री के विरुद्ध बंगाल-विधान-परिषद् के चुनाव में खड़े हुए और स्वराज्य पार्टी की सहायता से उन्हें पराजित करने में सफल हुए। यहीं से इनका राजनीति में प्रवेश हुआ। डाक्टर राय, देशबंधु चित्तरंजन दास के प्रमुख सहायक बने और अल्पावधि में ही उन्होंने बंगाल की राजनीति में प्रमुख स्थान बना लिया। सन् 1928 में मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन की स्वागतसमिति के वे महामंत्री थे। डा. राय राजनीति में उग्र राष्ट्रवादी नहीं वरन् मध्यम मार्गी थे। लेकिन सुभाषचंद्र बोस और यतीन्द्रमोहन सेनगुप्त की राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में वे सुभाष बाबू के साथ थे। वे विधानसभाओं के माध्यम से राष्ट्रीय हितों के लिए संघर्ष करने में विश्वास करते थे। इसीलिए उन्होंने गवर्नमेंट ऑव इंडिया ऐक्ट के बनने के बाद स्वराज्य पार्टी को पुन~ सक्रिय करने का प्रयास किया। सन् 1934 में डाक्टर अंसारी की अध्यक्षता में गठित पार्लमेंटरी बोर्ड के डा. राय प्रथम महामंत्री बनाए गए। महानिर्वाचन में कांग्रेस देश के सात प्रदेशों में शासनारूढ़ हुई। यह उनके महामंत्रित्व की महान् सफलता थी।

### व्यावसायिक जीवन

विश्व के डाक्टरों में डाक्टर राय का प्रमुख स्थान था। प्रारंभ में देश में उन्होंने अखिल भारतीय ख्याति पं. मोतीलाल नेहरू, महात्मा गांधी प्रभृति नेताओं के चिकित्सक के रूप में ही अर्जित की। वे रोगी का चेहरा देखकर ही रोग का निदान और उपचार बता देते थे। अपनी मौलिक योग्यता के कारण वे सन् 1909 में रॉयल सोसायटी ऑव मेडिसिन, सन् 1925 में रॉयल सोसायटी ऑव ट्रापिककल मेडिसिन तथा 1940 में अमरीकन सोसायटी ऑव चेस्ट फ़िज़ीशियन के फेलो चुने गए।

डा. राय ने सन् 1923 में %यादवपुर राजयक्ष्मा अस्पताल% की स्थापना की तथा %चित्तरंजन सेवासदन% की स्थापना में भी उनका प्रमुख हाथ था। कारमाइकेल मेडिकल कालेज को वर्तमान विकसित स्वरूप प्रदान करने का श्रेय डा. राय को ही है। वे इस कालेज के अध्यक्ष एवं जीवन पर्यंत %प्रोफेसर ऑव मेडिसिन% रहे।

### राष्ट्रिय राजनीती में भूमिका

डाक्टर विधानचंद्र राय वर्षों तक कलकत्ता कारपोरेशन के सदस्य रहे तथा अपनी कार्यकुशलता के कारण दो बार मेयर चुने गए। उन्होंने कांग्रेस वकिंग कमेटी के सदस्य के रूप में सविनय अवज्ञा आंदोलन में सन् 1930 और 1932 में जेलयात्रा की। वे सन् 1942 से सन् 1944 तक कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति रहे तथा विश्वविद्यालयों की समस्याओं के समाधान में सदैव सक्रिय योग देते रहे। 15 अगस्त, सन् 1947 को उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया पर उन्होंने स्वीकार नहीं किया। प्रदेश की राजनीति में ही रहना अधिक उपयुक्त समझा। वे बंगाल के स्वास्थ्यमंत्री नियुक्त हुए। सन् 1948 में डा. प्रफुल्लचंद्र घोष के त्यागपत्र देने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए और जीवन पर्यत इस पद पर बने रहे। विभाजन से त्रस्त तथा शरणार्थी समस्या से ग्रस्त समस्याप्रधान प्रदेश के सफल संचालन में उन्होंने अपूर्व राजनीतिक कुशलता एवं दूरदर्शिता का परिचय दिया। उनके जीवनकाल में वामपंथी अपने गढ़ बंगाल में सदैव विफलमनोरथ रहे।

बंगाल के औद्योगिक विकास के लिए वे सतत प्रयत्नशील रहे। दामोदर घाटी निगम और इस्पात नगरी दुर्गापुर बंगाल को डाक्टर राय की महती देन हैं।

# अला वैकुंठपुरमलो की रीमेक का शीर्षक होगा शहजादा, परेश रावल भी होंगे फिल्म का हिस्सा



हाल में अला वैकुंठपुरमलो की हिन्दी रीमेक बनने की चर्चा चल रही थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और कृति सेनन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। कुछ दिन पहले ही खबर आई थी कि अला वैकुंठपुरमलो की हिन्दी रीमेक में तब्बू का किरदार मनीषा कोइराला निभाएंगी। अब इस फिल्म से जुडी कुछ नई जानकारी फिर सामने आई है। खबरों की मानें इस फिल्म की हिन्दी रीमेक का शीर्षक शहजादा रखा गया है। इसमें परेश रावल भी शामिल हो गए हैं।

रिपोर्ट की माने तो अला वैकुंठपुरमलो की हिन्दी रीमेक का टाइटल शहजादा रखा गया है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में परेश रावल की भी एंट्री हो गई है। एक सूत्र ने बताया, फिल्म की कास्टिंग लगभग पूरी हो गई है। मेकर्स जल्द ही इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा कर देंगे। फिल्म की टीम फिलहाल देशभर में मौजूदा परिदृश्य को देखते हुए शूटिंग की योजना बना रही है। सूत्र ने बताया कि कार्तिक और कृति की डेट्स और उनके अन्य कमिटमेंट्स को ध्यान में रखते हुए आगे की योजना बनायी जा रही है। इसके बाद फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू किया जाएगा। सूत्र ने कहा, परेश को फिल्म में शामिल कर लिया गया है। वह इस फिल्म में कार्तिक के पिता की भूमिका में दिखने वाले हैं। ऑरिजनल फिल्म में जयराम ने त्रिविक्रम श्रीनिवास के निर्देशन में यह रोल निभाया था।

इस फिल्म का निर्देशन रोहित धवन करेंगे। रोहित और उनके लेखकों की टीम ने फिल्म की स्टोरीलाइन को एक नया रूप दिया है। मजबूत स्क्रिप्ट और एक शानदार म्यूजिक के साथ फिल्म को बेहतर बनाने की कोशिश की जा रही है। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने बताया कि महामारी के कारण इस फिल्म के शूटिंग शेड्यूल में कई बदलाव किए गए हैं। एकता कपूर की प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण किया जाएगा। ऑरिजनल तेलुगु फिल्म में तब्बू जिस किरदार में नजर आई थीं, उस किरदार को इसकी हिन्दी रीमेक में दिग्गज अभिनेत्री मनीषा अदा करेंगी। कृति को ऑरिजनल फिल्म के पूजा हेगड़े के किरदार के लिए चुना गया है। हालांकि, मेकर्स इस बात पर विचार कर रहे थे कि फिल्म में कार्तिक की मां की भूमिका निभाने के लिए किससे संपर्क किया जाए। मनीषा इस फिल्म में कार्तिक की मां की भूमिका में दिखेंगी। खबरों की मानें तो मनीषा की कास्टिंग को लेकर सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। इस साल फिल्म की शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। इस फिल्म को 2022 में त्योहारों के अवसर पर रिलीज किया जा सकता है। अला वैकुंठपुरमलो में साउथ के स्टार अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आए थे। कृति और कार्तिक इससे पहले लुका छिपी में साथ काम कर चुके हैं। ऐसे में इन दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री फिर से देखने को मिलेगी।

त्रिविक्रम के निर्देशन में बनी एक्शन ड्रामा फिल्म अला वैकुंठपुरमलो ने रिलीज होकर बड़ा धमाका किया था। फिल्म की कहानी अल्लू के किरदार बंटू के इर्दगिर्द घूमती है, जो लगातार अपने पिता द्वारा तिरस्कृत होते हुए बड़ा होता है और अपने असली माता पिता की खोज में लगा रहता है। अंत में बंटू को पता चल जाता है कि उसके असली पिता एक बहुत बड़े व्यापारी हैं, जो वैकुंठपुरमलो नाम के एक आलीशान घर में रह रहे होते हैं।

## मरते-मरते बचे थे आमिर खान, 'गुलाम' के एक सीन में जा सकती थी जान

आमिर खान और रानी मुखर्जी की जबरदस्त ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गुलाम' की रिलीज को 23 साल पूरे हो चुके हैं। फिल्म के गाने हो या सीन सभी को काफी वाहवाही मिली थी। इस फिल्म का गाना 'आती क्या खंडाला' उस वक्त का जबरदस्त हिट साबित हुआ था। सिर्फ इतना ही नहीं इस गाने का क्रेज युवा के बीच इतना ज्यादा था कि लड़के अपनी गर्लफ्रेंड को आमिर की स्टाइल में प्रपोज करते नजर आते थे। वहीं इस फिल्म के लिए आमिर ने भी काफी मेहनत की थी। कहा जाता है कि फिल्म के एक सीन के दौरान आमिर मरत- मरते बचे थे। उस सीन में आमिर को एक ट्रेन के सामने झंडे को लेकर दौड़ना था। मेकर्स ने आमिर को पहले ही समझाया था कि ट्रेन जैसे ही नजदीक आए पटरी से कुद जाना है लेकिन आमिर सीन करते वक्त इतना खो गए थे कि वह दौड़ते-दौड़ते एकदम ट्रेन के पास पहुंच गए थे।



इसी सीन के दौरान आमिर मरते- मरते बचे थे। इस सीन की शूटिंग सानपाड़ा स्टेशन पर की गई थी। इस सीन को फिल्माने के लिए रेलवे से पहले परमिशन भी ली गई थी। शूटिंग के दौरान आमिर को हाथ में लाल रंग का झंडा लेकर पटरी पर दौड़ना था। आमिर ने 'गुलाम' फिल्म के एक- एक सीन पर खूब काम किया था। इस फिल्म का एक क्लाइमेक्स सीन है। जिसमें आमिर खान और विलेन के बीच जमकर लड़ाई होती है। इसमें आमिर पूरी तरह से लहूलुहान हो जाते हैं। फिल्म के इस सीन को लेकर एक बात और कही जाती है कि सीन को रियलिस्टिक बनाने के लिए आमिर ने 12 दिनों तक नहीं नहाया था। 'गुलाम' फिल्म का गाना 'आती क्या खंडाला' 1998 का सबसे सुपरहिट गाना में से एक था। इस गाने को नितिन रायकवार ने लिखा था। उन्होंने उसी दौरान शाहरुख की फिल्म 'जोश' के गाने अपुन बोला तू मेरी लैला को भी लिखा था। 1998 में रिलीज हुई फिल्म 'गुलाम' 7 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी खूब कमाल दिखाया। और फिल्म ने अपने बजट से ज्यादा 13 करोड़ रुपए की कमाई की थी। वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने 24 करोड़ रुपए कमाए थे। फिल्म 185 स्क्रीन्स पर रिलीज की गई थी।

# एकता कपूर के शो नागिन 6 में नजर आ सकती हैं अभिनेत्री रिद्धिमा पंडित



जब से लोकप्रिय टीवी धारावाहिक नागिन के छठे सीजन का ऐलान हुआ है, आए दिन इससे जुड़े नए कलाकारों के नाम सामने आ रहे हैं। शो के नए सीजन में मुख्य भूमिका के लिए जहां एक तरफ नियति फतनानी के नाम पर चर्चा हो रही है, वहीं, अब खबर है कि मेकर्स को शो के लिए दूसरी लीड हीरोइन भी मिल गई है। इसमें अभिनेत्री रिद्धिमा पंडित नजर आ सकती हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक रिद्धिमा पंडित शो की लीड अभिनेत्रियों में से एक होंगी। उन्हें नियति फतनानी के साथ कास्ट कर लिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रिद्धिमा का रिश्ता शो की निर्माता एकता कपूर के साथ काफी अच्छा है। एकता हमेशा से रिद्धिमा के काम की प्रशंसक रही हैं। रिद्धिमा को एकता अपने मशहूर धारावाहिक नागिन का हिस्सा बनाने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

वैसे अभी तक खुद एकता कपूर ने शो में नियति फतनानी के नाम की पुष्टि नहीं की है। सूत्रों की मानें तो नियति ने नागिन के आगामी सीजन के लिए ऑडिशन दिया था और कहा जा रहा है कि इस सीजन में एकता लीड अभिनेत्री के लिए नियति को साइन करने की इच्छुक हैं। शो के पिछले सीजन के लिए भी उन्हें लेने की चर्चा जोरों पर थी, लेकिन बाद में सुरभि चंदना को शो के लिए फाइनल किया गया।

कुछ समय पहले नागिन 6 में रुबीना दिलैक का नाम भी सामने आया था। खबर थी कि उन्हें शो के नए सीजन का प्रस्ताव दिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि एकता, रुबीना को नई नागिन बनाना चाहती हैं। जब बिग बॉस 14 में एकता कपूर बतौर गेस्ट पहुंची थीं, तब उन्होंने रुबीना संग काम करने की इच्छा जताई थी। अब रुबीना के साथ मेकर्स की बात क्यों नहीं बनी, फिलहाल इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

रिद्धिमा ने 2016 में धारावाहिक बहू हमारी रजनीकांत से टीवी की दुनिया में कदम रखा था। इसमें उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी और शानदार अदाकारी से रिद्धिमा ने दर्शकों के दिलों में अपनी एक खास जगह बनाई थी। इसी धारावाहिक से वह छोटे पर्दे पर लोकप्रिय हुई थीं। उन्हें वेब सीरीज यो कि हुआ ब्रो में देखा गया। रिद्धिमा फीयर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 9 की सेकेंड रनर अप रहीं। धारावाहिक हैवान: द मॉन्स्टर में रिद्धिमा ने अहम भूमिका निभाई। टीवी की दुनिया में नागिन एक अलग ही कहानी लेकर आया है। यह शो इतना लोकप्रिय हुआ कि इसके पांच सीजन आ चुके हैं। घर, गृहस्थी, कॉमेडी और लव स्टोरी के बाद एकता एक अलग ही स्टोरी सामने लेकर आईं और दर्शकों को उनका यह प्रयोग अच्छा लगा। नागिन के पहले सीजन में मौनी रॉय ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रेम, दुश्मनी और बदले की कहानी के साथ नागिन 5 ने भी दर्शकों को खूब लुभाया।

# लंबे समय तक टिकी रहेगी लिपस्टिक अपनाएं ये टिप्स, हर कोई करेगा तारीफ

कौन नहीं चाहता है कि लिपस्टिक लगाने के बाद लंबे समय तक टिकी रहें. लेकिन खाने- पीने और अन्य कामों को करने की वजह से लिपस्टिक कुछ समय बाद हल्की या हटने लगती हैं. ऑफिस, डेट नाइट और दोस्तों के साथ ब्रंच पर स्मजप्रूफ लिपस्टिक आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करती हैं. खासकर गर्मी के मौसम में रूखे और फटे होना आमबात है. ऐसे में अगर आपकी लिपस्टिक भी लंबे समय तक नहीं टिकती हैं तो हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं जिसका इस्तेमाल कर आप परफेक्ट लुक पा सकती हैं, साथ ही लिपस्टिक भी लंबे समय तक टिकी रहेगी. आइए जानते हैं इन टिप्स के बारे में.

### लिप्स को करें एक्सफोलिएट

चेहरे के बाकी हिस्सों पर मेकअप की तरह होंठों की त्वचा भी मुलायम रहती है तो लिपस्टिक लंबे समय तक टिकती है. डेड स्किन और फटे होंठों को मुलायम रखने के लिए आप लिप स्क्रब को इस्तेमाल करें. इसके अलावा होंठों को नरम और मुलायाम रखने के लिए मॉश्चराइजिंग लिप बाम का इस्तेमाल कर सकती है. ये आपको होंठों में बेस की तरह काम करता है. जब आप लिपस्टिक लगाने वाले हों तो लिप बाम को टिश्यू से हटा दें.

### लिप प्राइमर और कंसीलर का करें इस्तेमाल

लिप प्राइमर लिपस्टिक के रंग को उभारने का काम करता है और लंबे समय तक टिकने में मदद करता है. होंठों पर प्राइमर का उपयोग करने से वे हाइड्रेटेड रहते हैं और लिपस्टिक को पॉलिश लुक



देता है. आप होंठों को मॉश्चराइज करने के लिए प्राइमर लगाएं और उंगली से हल्का सा कंसीलर लगाएं. होंठों पर कंसीलर की पतली लेयर लगाने से लिपस्टिक का असली रंग निखर कर आता और लंबे समय तक टिकने में भी मदद करता है.

### होंठों में लिप लाइनर लगाएं

लिपस्टिक लगाते समय लिप लाइनर का इस्तेमाल जरूर करें. इससे आपकी लिपस्टिक बाहर नहीं फैलेगी. आप लिपस्टिक लगाने से पहले लिप लाइनर का इस्तेमाल करें. इसके लिए होंठों को सबसे पहले आउटलाइन करें और फिर उन्हें लिप पेंसिल से भरें. इससे आपको नया लुक भी मिलेगा.

### कैसी लिपस्टिक चुनें

सही लिपस्टिक चुनना एक जरूरी फैसला है. कहने की जरूरत नहीं है कि मैट लिपस्टिक क्रीमी और अन्य लिपस्टिक के मुकाबले लंबे समय तक टिकती है. लंबे समय तक चलने वाली लिपस्टिक के लिए मैट या वाटरप्रूफ लिपस्टिक का इस्तेमाल करें. ग्लोसी लिपस्टिक बहुत जल्दी फिकी पड़ जाती हैं इसलिए इससे दूर रहें.

### एक्स्ट्रा लिपस्टिक हटाएं

सभी ब्यूटीशन और मेकअप आर्टिस्ट के लिए ब्लोटिंग एक सीक्रेट है. आप एक्स्ट्रा लिपस्टिक हटाने के लिए होंठों पर टिश्यू पेपर लगाएं और उसके ऊपर पाउडर लगाकर सेट कर लें. अगर लिपस्टिर हल्की लगी तो एक कोट लगाएं.

# राय लक्ष्मी बोल्ड अंदाज ने ढहाया कहर, फैंस कर रहे तारीफ



साउथ इंडियन फिल्मों की बोल्ड ऐक्ट्रेस राय लक्ष्मी सोशल मीडिया पर खासा ऐक्टिव रहती हैं और अक्सर इंस्टा रील से सुपर हॉट वीडियो शेयर करती रहती हैं। राय लक्ष्मी ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह पिंक कलर की बिकिनी में जबरदस्त अंदाज में नजर आ रही हैं। इस वीडियो में वह राय लक्ष्मी पिंक कलर की ब्रालेट आउटफिट में नजर आ रही हैं। ऐक्ट्रेस के इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैन्स उनकी खूब तारीफ भी कर रहे हैं। हाल ही में ऐक्ट्रेस ने स्विमिंग पूल में पिंक बिकिनी में ग्लैमरस पोज देते हुए कई फोटो शेयर की थी। जिसमें उनका अंदाज देखने लायक था। अब उनका वीडियो इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है। कुछ दिन पहले राय लक्ष्मी ने अपना बर्थडे सेलिब्रेट करते हुए वीडियो और फोटो शेयर की थी जिसमें वह अपने खास दोस्तों के साथ मिलकर बर्थडे केक काटती नजर आ रही हैं। वीडियो में राय लक्ष्मी की खुशी उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी। राय लक्ष्मी उस वक्त ज्यादा सुर्खियों में आई थी जब उनका नाम भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ जुड़ा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक साल 2008 में आईपीएल के दौरान राय लक्ष्मी और महेंद्र सिंह धोनी एक दूसरे को डेट कर रहे थे। राय लक्ष्मी हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम किया है। फिल्म जूली के सीक्वल जूली 2 में उन्होंने काफी बोल्ड सीन दिए थे।

# रोजाना आधा घंटा चलने से दूर होती हैं ये गंभीर बीमारियां, जानिए कैसे



वॉकिंग फिजिकल एक्टिविटी में सबसे कम आंकने वाली एक्सरसाइज में से एक है. ज्यादातर लोग पैदल चलने को एक्सरसाइज नहीं मानते हैं. जबकि चलना एक फिजिकल एक्टिविटी है जिसके कई फायदे हैं. ये मांसपेशियों, जोड़ों और हड्डियों को मजबूत करने से लेकर मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करता है. हेल्दी और फिट रहने के लिए नियमित रूप से आधा घंटा चलना चाहिए. इसके लिए आपको कोई उपकरण की जरूरत नहीं है. आइए जानते हैं चलने के अनगिनत फायदों के बारे में.

### कार्डियो फिटनेस बढ़ाता है

पैदल चलना आपके दिल को मजबूत रखने में मदद करता है और हृदय संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम करता है. इसके लिए आपको हफ्ते में 5 दिन कम से कम 30 मिनट चलना जरूरी है. आपको रेगुलर इस प्रकिया को करने की जरूरत है.

### कैलोरी बर्न करने में मदद करता है

कौन कहता है कि आप सिर्फ हैवी वर्कआउट और एक्सराइज करके कैलोरी बर्न कर सकते हैं. आप आसानी से चलकर वजन घटा सकते हैं. ये इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितना वजन घटाना चाहते हैं और कितने समय में किस स्पीड से वॉक कर रहे हैं.

### एनर्जी बूस्ट करता है

पूरा दिन घर में लेटने और बैठे रहने से स्टैमिना कमजोर हो जाता है. आपको इसके लिए चिंता करने की कोई जरूरत नहीं क्योंकि कुछ देर चलने से आप एनर्जी को बूस्ट कर सकते हैं. दरअसल चलने की वजह से से शरीर में ऑक्सीजन लेवल बढ़ता है जिससे नॉरपेनेफ्रिन और एपिनेफ्रीन जैसे हार्मोन का लेवल बढ़ता है.

### मसल्स और ज्वाइंट्स को मजबूत करता है

वॉक करने की वजह से शरीर के निचले हिस्से की मांसपेशियों को मजबूत करके पैरों को टोंड रखने में मदद कर सकते हैं. ये घुटने, कूल्हों के मासंपेशियों को मजबूत करने के साथ- साथ जोड़ों को भी मजबूत करने का काम करता है. आप समतल स्तह पर चलने की बजाय थोड़े उच्चे क्षेत्र में वॉक करें. इससे आपकी मांसपेशियां अधिक मजबूत होगी.

### ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है

हमें हमेशा ये सलाह दी जाती है कि भोजन करने के बाद सीधा लेटना नहीं चाहिए. आप इसकी बजाय थोड़ा टहलें. खाना खाने के बाद चलने से शरीर में शुगर लेवल कम होता है. ये एक अच्छी एक्सरसाइज है जिसे आपको डेली रूटीन में शामिल कर सकते हैं.

### चिंता से दूर रहें

शोध में पता चला कि 10 मिनट की वॉकिंग 45 मिनट की कसरत जितनी अच्छी होती है. प्रकृति आपके दिमाद को शांत रखने में मदद करती है, साथ ही स्ट्रेस और तनाव को भी कम करते हैं।

## मेरी फिल्में रिलीज होने के लिए काफी लंबे समय से लाइन में है: वाणी कपूर

अभिनेत्री वाणी कपूर का अभी एक ड्रीम लाइन अप है। 2019 में अपनी आखिरी रिलीज, ब्लॉकबस्टर 'वॉर' के बाद, वह 2020 में तीन मेगा रिलीज को देख रही थी, लेकिन महामारी के कारण उनका इंतजार और बढ़ गया है। वाणी कहती है, भले ही बॉक्स ऑफिस पर आने के लिए मेरी फिल्मों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा हो, लेकिन अक्षय कुमार स्टारर 'बेल बॉटम', आयुष्मान खुराना के साथ 'चंडीगढ़ करे आशिकी' और रणबीर कपूर के साथ 'शमशेरा' अभी भी बॉक्स ऑफिस पर मेगा आकर्षण हैं। लंबे इंतजार के बाद 27 जुलाई को फाइनली 'बेल बॉटम' रिलीज होने जा रही है। सब्र का फल हमेशा मीठा होता है। वाणी कहती हैं, यह एक सॉलिड प्रोडक्ट है। अक्षय सर और उनकी हर फिल्म की तरह धमाकेदार हैं। सभी को यह समझने के लिए फिल्म देखनी होगी कि उन्होंने क्या नया किया है। मैं आभारी हूं कि मेरे पास ये बड़ी फिल्म आई। वह कहती हैं कि वायरस के कारण मेरी फिल्मों को रिलीज होते देखने के लिए एक लंबा इंतजार किया गया है, लेकिन अब मुझे उम्मीद है कि दर्शकों का मेरी फिल्मों द्वारा मनोरंजन किया जाएगा।



## वन-टू-वन

### डॉक्टर दिवस हैं हम दूसरों शब्दों में इस दिवस को जीवनदान दिवस भी कह सकते है क्या कहते हैं तेंदूखेड़ा के डॉक्टर

**विशाल रजक , पुष्पांजली टुडे**

तेंदूखेड़ा डॉक्टर दिवस हैं हम दूसरों शब्दों में इस दिवस को जीवनदान दिवस भी कह सकते हे क्योकि आज जो हम लोग सुरक्षित हैं, वह केवल इन डाक्टरो की बजह से है क्योंकि कोरोना की पहली लहर ओर दूसरी लहर से यदि किसी ने अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरो की जीवन दान दिया हैं तो वह डॉक्टर ही हैं और उन्ही डाक्टरो में से डॉक्टर तेंदूखेड़ा स्वस्थ केंद्र में भी पदस्थ हैं, रिश्ते में दोनो पति पत्नी हैं लेकिन इन्ही कोरोना काल मे जो रात दिन सवाये दी हैं, उससे इन दिनों ने तेंदूखेड़ा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में अपनी एक अलग पहचान बना ली हैं और आज डॉक्टर दिवस पर नगर के लोगो ने इनके कोरोना काल के परिश्रम की सराहना करते हुये इनको बधाई दी हैं

#### 24 घण्टे रहे सेवाऔं में उपलब्ध

कोरोना की दूसरी लहर में जब लोग एक दूसरे के पास खड़े होने में भय खा रहे थे तब डॉक्टर नीतेश नामदेव ओर उनकी पत्नी डाँ दीप्ति नामदेव ने 24 घण्टे इन मरीजो के उपचार में दिये है और इनके परिश्रम की बजह से आज तेंदूखेड़ा कोरोना मुक्त तेंदूखेड़ा बना है। इसलिये इसके परिश्रम को भी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो ने इनके कार्यो की सराहना की हैं। चेतन जैन ने कहा कि कोरोना की पहली और दूसरी लहर में सभी डॉक्टरो ने अपना योगदान दिया हैं लेकिन तेंदूखेड़ा नगर और ब्लाक में नीतेश नामदेव ओर दीप्ति नामदेव ने जो मरीजो की सवाये की हैं, वह सराहनीय हैं। अनूप लोधी कहते है कि नीतेश नामदेव कुछ समय के लिए कोरोना की पहली लहर में तेजगड़ उपस्वास्थ्य में आये दिन उन्होंने यहां भी अपनी सेवाओं और उपचार में कोई कसर नही छोड़ी थी उनका कार्यकाल सराहनीय रहा हैं ।

#### ये बोले सेवाऔं के सबध में डॉक्टर

डॉक्टर नीतेश नामदेव ने बताया कि डॉक्टर का कार्य मरीज का उपचार करना होता हैं, कोरोना एक महामारी बीमारी थी इसमें कई लोग अपनो से बिछड़ गये, उनको उन्होंने सवेदना देते हुये कहा कि हमलोगों को इस महामारी के समय अपने क्षेत्र के लोगो की सेवा करने का मौका मिला, यही हमारे लिये सौभाग्य की बात है, कोरोना काल मे हमलोगों ने मरीजो के उपचार पर विशेष ध्यान दिया हैं, उस समय हमने केवल यही सोच रखी कि जो मरीज कोरोना पॉजिटिव हैं, उसे स्वस्थ करना है, ईष्वर की कृपा से पूरे जिले के साथ तेंदूखेड़ा ब्लाक भी कोरोना मुक्त हो गया हमारे लिये यही सामान हैं। डाँ दीप्ति नामदेव भी तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ हैं, कोरोना की पहली लहर में तेंदूखेड़ा कोबिड सेन्टर बाकी कमान इन्ही ने संभाली थी, ओर इस वर्ष भी कोरोना मरीजो का उपचार करते करते ये खुद कोरोना पॉजिटिव हो गई थी, उनके बाद भी इन्होंने अपनी हिम्मत नही हारी ओर स्वस्थ होने के बाद भी ये फिर तेंदूखेड़ा स्वस्थ केंद्र में नियमित सेवाएं दे रही हैं, जबकि इन दिनों की एक छोटी सी बेटी भी हैं, जब कोरोना में डॉक्टर दीप्ति नामदेव दुवारा किये गये कार्यो के सबध में उनसे चर्चा की तो उन्होंने बताया कि जो कोरोना में सकर्मित हुये थे वह भी मरीज थे, लेक़िन उनको अपना मानकर उनका उपचार करना डॉक्टर की जिम्मेदारी है हमने भी अपना कार्य किया हैं ईश्वर के आशिर्वाद से सभी स्वस्थ हो गये में सभी से यही कहूंगी की अभी कोरोना गया नही है सभी मास्क के साथ बैक्सीन लगवाये।

### फर्जी अंकसूची से करवायी नियुक्ति:शिक्षक बर्खास्त

***छल तथा कपट से लगाई चपत***

***उमाकान्त शर्मा भिण्ड***

भिण्ड।।अटेर विकासखंड के ग्राम लावन के शा उ मा वि में पदस्थ शिक्षक ने फर्जी तरीके से किसी दूसरी महिला की अंकसूची लगाकर अपनी पत्नी की नियुक्ति करवाने का मामला सामने आया था।जिसमें पदस्थ शिक्षक को बर्खास्त करने की सूचना जिला शिक्षा अधिकारी ने दी। यहाँ बात दें कि अटेर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम लावन में पदस्थ शिक्षक राजेश बाबू त्रिपाठी पुत्र ललता प्रसाद त्रिपाठी के द्वारा श्रीमती सीमा शर्मा की 10वीं और12वीं की अंकसूची निकालकर श्रीमती सीमा शर्मा और शासन से छल तथा कूटरचना करते हुएआपनी पत्नी श्रीमती कांती देवी की संविदा शिक्षक वर्ग 3 में कराई गई।जोकि शिकायत होने पर पकड़ में आ गयी इस क्रम में माननीय न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश व अतिरिक्त न्यायाधीश गोहद ज8ला भिण्ड द्वारा अपराध क्र. एस टी/27/2014 के परिपेक्ष्य के निर्णय में शिक्षक राजेश बाबू त्रिपाठी को दोषी सिद्ध ठहराये जाने के फलस्वरूप कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी भिण्ड के द्वारा कराई गयी जांच एवं अनुशंसा के आधार पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ग्वालियर ने आदेश क्र.1744ग्वालियर दिनांक 30.06.2021के द्वारा म. प्र. शिविल सेवा (वर्गीकरण, निरन्तरण तथा अपील) नियम1966 के नियम10(9) के अंतर्गत दीर्घ शास्ति अधिरोपित करते हुए सेवा से पदच्युत किया जा चुका है। इसकी सूचना जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुबन सिंह तोमर ने प्रेस नोट के माध्यम से उपलब्ध कराई

### फीस बढ़ोत्तरी की शिकायत पर अभिभावकों पर उबल पड़े स्कूल शिक्षा मंत्री

भोपाल। कोरोना काल में निजी स्कूलों द्वारा की जा रही फीस बढ़ोत्तरी पालकों के लिये जहां चिंता का विषय बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्री भी इस मामले में स्कूल संचालकों के साथ नजर आ रहे है। यही कारण है कि अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि मंत्री उनके साथ असभ्यता से पेश आए और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इतना ही नहीं समस्या का समाधान तो किया नहीं, उल्टा ये बोले कि मरना है तो मर जाओ।

# पूर्व विधायक डॉ रश्मि आर्य के वक्तव्य का जोरदार खंडन

**जगदीश रिपोर्टर,पुष्पांजली टुडे**

मऊरानीपुर / पूर्व विधायक डॉ रश्मि आर्य के वक्तव्य का जोरदार खंडन करते हुए स्थानीय विधायक बिहारीलाल आर्य ने उनके परिवार पर आपराधिक गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि मऊरानीपुर मोहल्ला गांधीगंज निवासी जयप्रकाश आर्य उर्फ पप्पू सेठ बुंदेलखंड का सबसे बड़ा कुख्यात अपराधी है। जिस पर हत्या, डकैती, लूट, बलवा और फिरौती मांगने सहित कई संगीन धाराओं में उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के पुलिस थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। इसके आतंक और भय के कारण कोई भी पीड़ित व्यक्ति मुकदमा दर्ज कराने का साहस हिम्मत नहीं जुटा पाता है। इस अपराधी ने जितना क्राइम किया है। यदि उसके हिसाब से सभी पीड़ित व्यक्ति मुकदमे दर्ज कराते तो मुकदमों की संख्या 400, 500 के करीब होती हैं। अपराधी क्षेत्र में भय और आतंक कायम करने के लिए हमेशा सरकारी गनर एवं 10-15 लोगों को अवैध असलहो के साथ लेकर चलता है। जबकि मोदी जी एवं योगी जी की सरकार में अपराधियों की जगह जेल में होती है। क्षेत्र में जितनी भी अपराधिक घटनाएं होती हैं। वे सभी इसी कुख्यात अपराधी द्वारा स्वयं अथवा इसकी शह पर की जाती हैं। जबकि पुलिस प्रशासन के द्वारा इस जघन्य अपराधी के खिलाफ बहुत पहले गैंगस्टर, एनएसए, 3 यूपी गुंडा एक्ट के तहत कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए थी। जयप्रकाश आर्य का भाई हेमंत सेठ एक कुख्यात आतंकवादी अपराधी है। जिसने सन 2010 में सुखनई नदी पर बना प्राचीन नौपुल को बम से विस्फोट कर उड़ा दिया था। हेमंत सेठ पर भी विस्फोटक पदार्थ रखने एवं विस्फोट करके सार्वजनिक एवं सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने का मुकदमा भी थाना मऊरानीपुर में दर्ज है। यह लोग आए दिन किसी न किसी व्यक्ति की मारपीट कर उसको डरा धमका कर अवैध वसूली करते रहते हैं। इन लोगों के द्वारा मोहल्ला गांधीगंज निवासी कन्हैयालाल उर्फ कल्लू कुशवाहा के साथ भी मारपीट और फिरौती मांगे जाने की घटना इन अपराधियों के द्वारा की गई है। मैं कन्हैया लाल उर्फ कल्लू कुशवाहा को धन्यवाद देता हूं कि जिन्होंने हिम्मत और साहस जुटाकर कुख्यात अपराधियों के खिलाफ आवाज उठाई है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में राजनैतिक



लाभ लेने की मंशा से विधानसभा चुनाव के ठीक पहले आनन-फानन में नगर पालिका परिषद मऊरानीपुर की धनराशि से 60 बीघा जमीन में विशाल गौशाला का निर्माण कराकर 4 जनवरी 2017 को गौशाला का उद्घाटन करा कर, उसमें लगभग 13,800 गोवंशो को रखा गया था। करीब 3 माह के अंदर 12 अप्रैल 2017 को गौशाला में 400 गोवंश ही बचे थे। जिसको देश की इलेक्ट्रॉनिक, सोशल एवं प्रिंट मीडिया ने उजागर किया था। जिसमें तत्कालीन अधिशासी अधिकारी श्रीमती कल्पना शर्मा ने गौशाला में 10,000 से अधिक गोवंश रखे जाने की बात कही थी। गौशाला में लगभग 6000 गोवंश की तस्करी की गई। एवं लगभग 7000 गौवंश भूख प्यास से तड़प तड़प कर मर गए जिनको गौशाला में ही गड्ढे खोदकर दफन कर दिया गया। यह घिनौना कृत्य तत्कालीन चेयरमैन पति हरिश्चंद्र आर्य, जयप्रकाश आर्य उर्फ पप्पू सेठ, हेमंत सेठ के द्वारा किया गया। जिसकी जांच पुलिस अधीक्षक झांसी सिटी एवं नोडल अधिकारी गौवंश निवारण श्री विवेक त्रिपाठी कर रहे हैं। उम्मीद है कि एक-दो दिन में जांच पूरी होते ही इन अपराधियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हो जाएगा। तथा गौशाला के गड्ढों में दफन किए गए गौवंशो को गड्ढा खोद के निकालकर क्षेत्र की जनता के सामने सच्चाई उजागर हो जाएगी। वर्ष 2012 के पूर्व जयप्रकाश आर्य उर्फ पप्पू सेठ, हरिश्चंद्र आर्य, हेमंत सेठ के नाम लगभग 5 करोड की चल अचल संपत्ति थी। और 5 वर्ष में इन तीनों भाइयों के पास लगभग 1000 करोड़ की नामी एवं बेनामी चल अचल संपत्ति हो गई। इन तीनों भाइयों ने क्षेत्र में भय और आतंक के बल पर लोगों की करोड़ों रुपए की जमीने कोठियों के भाव जबरन खरीद ली। इसकी जांच सीबीआई से कराने का अनुरोध प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से करेंगे। मऊरानीपुर में कुछ दिन पूर्व हुई घटना के संबंध में षड्यंत्र के तहत जयप्रकाश आर्य उर्फ पप्पू सेठ के द्वारा भेजे गए लगभग 60-70 लोगों के द्वारा मेरी साफ-सुथरी छवि को खराब करने के उद्देश्य मेरे खिलाफ जो मऊरानीपुर में प्रदर्शन किया गया था। इस घटना से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं पीड़ित परिवार के साथ हूं। 30 साल के राजनैतिक जीवन में मेरे ऊपर ना कोई दाग लगा है। और ना लगने दिया जाएगा। क्षेत्र की जनता ने मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है। मैं उनके मान और सम्मान में आखिरी दम तक किसी प्रकार आंच नहीं आने दूंगा। मैं हमेशा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास, अमन चैन, खुशहाली भाईचारा कायम करने एवं क्षेत्र में राम का राज्य स्थापित हो इसके लिए मैं संकल्पित रहा हूं और रहूंगा।

# सरोजिनी नायडू शासकीय कालेज में लीगल एड क्लीनिक प्रारंभ

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

भोपाल(पुष्पांजली टुडे)। उच्च न्यायालय की न्यायाधीश श्रीमती नंदिता दुबे ने मंगलवार को सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, भोपाल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का ई - उद्घाटन किया । उन्होंने लीगल एड क्लीनिक के शुभारंभ को छात्राओं के लिये अति महत्वपूर्ण एवं लाभकारी बताते हुए क्लीनिक से अधिक से अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया । मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद रफीक एवं कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की प्रेरणा से लीगल एड क्लीनिक में जरूरतमंद व्यक्तियों को विधिक सहायता एवं विधिक सलाह प्रदान की जाती है ।

उद्घाटन कार्यक्रम में श्रीमती




गिरिबाला सिंह सदस्य सचिव , मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा लीगल एड क्लीनिक में संचालित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में बताया गया । सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल एस.पी.एस. बुन्देला ने लीगल एड क्लीनिक के उद्देश्यों पर चर्चा की और महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा सिंह, द्वारा लीगल एड क्लीनिक की स्थापना से महाविद्यालय को होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया ।

लीगल एड क्लीनिक की स्थापना नालसा विश्वविद्यालय, विधि महाविद्यालय एवं अन्य संस्थानों में विधिक सहायता क्लीनिक योजना, 2013 के अंतर्गत की गई है । जिसके माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों से आने वाली अध्ययनरत छात्राओं को वर्तमान परिवेश में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु महाविद्यालय परिसर में ही विधिक सहायता एवं विधिक सलाह उपलब्ध कराई जायेगी । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल द्वारा विधि छात्राओं में से प्रशिक्षित पैरालीगल वालेंटियर्स को विधिक सहायता एवं विधिक सलाह हेतु नियुक्त किया जाएगा । कन्या महाविद्यालय में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के मध्य क्लीनिकल लीगल स्किल का विकास करना तथा छात्राओं को सामुदायिक सेवा हेतु प्रेरित करना भी है । लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से छात्राएं जरूरतमंद और गरीबों को विधिक सहायता संबंधी मदद कर न्याय दान की प्रकिया में सहभागिता सुनिश्चित कर सकेंगी ।

## जमना ऑटो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड मालनपुर के सौजन्य से किया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आश्रम में वृक्षारोपण

**छोटे सिंह भदौरिया ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

मालनपुर/औद्योगिक क्षेत्र, नगर परिषद् मालनपुर के अंतर्गत, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आश्रम में, जमना ऑटो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड मालनपुर के सौजन्य से, वृक्षारोपण किया,वृक्षारोपण कार्यक्रम में, मुख्य रूप से उपस्थित रहे, संत राम जी नंद महाराज, एडवोकेट अमरेंद्र सिंह , डॉक्टर राकेश सिंह माहौर, हेमन्त माहौर, समाजसेवी गुर्जर जी, सभी लोगों ने मिलकर आह्वान किया, हम लोग किसी भी कीमत पर, पेड़ कटने नहीं देंगे, ज्यादा से ज्यादा लोगों को, वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित करेंगे और खुद भी वृक्षारोपण करेंगे, इसी के साथ में, जमना ऑटो इंडस्ट्रीज के बाहर ग्रीन बेल्ट एरिया में लगभग 200 पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया, इस कार्यक्रम की, रूपरेखा



तय करने वाले फैक्ट्री उप महाप्रबंधक एनज़्एमज़्शम्सी, कार्यक्रम के अध्यक्ष सामाजिक दायित्व निर्वहन के अध्यक्ष जगत सिंह निरंजन, डॉक्टर साक्य, प्रबंधक अशोक शर्मा, सिक्योरिटी ऑफिसर राम रतन एवं आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# तम तमती धूप से लोगों का जीना हुआ दुश्वार



**राकेश परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर** / तम तमाती धूप के कारण पंखा कूलर हुए फेल लोगों को पेड़ों के नीचे गुजार ना पड़ रहा है समय तेज गर्मी तेज धूप से लोगों को रातों में नहीं आ रही है नींद बारिश ना आने से लोगों को झेलना पड़ रहा है गर्मी का सामान पिछोर तहसील का तापमान 40 डिग्री से ऊपर है जिसके चलते लोग घरों से बाहर निकलकर तपती धूप में पेड़ों के नीचे जाकर कर रहे बसेरा एवं सारा समय व्यतीत करते हुए लोग एवं महिलाएं बैठती है पेड़ों के नीचे बारिश ना आने से लोग हो रहे परेशान।

# 'वैक्सीनेशन हम सबकी समाज के प्रति नैतिक जिम्मेदारी:कलेक्टर'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

**(नगर निगम के 85 वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीन केन्द्र स्थापित किये गये)**

भोपाल(पुष्पांजली टुडे)। जिले में महा वैक्सीनेशन अभियान की तैयारियां पूर्ण हो गई है। भोपाल जिले में स्थापित वैक्सीनेशन केंद्रों पर 50 हजार से अधिक लोगों को वैक्सीनेट करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने सभी वर्गों के नागरिकों से उत्सव पूर्ण माहौल में वैक्सीनेशन करवाने की अपील की है।उन्होंने सभी अधिकारियों को लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में संपन्न हुई जिला टास्क फोर्स समिति की



बैठक में दिए। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी और जिला टास्क फोर्स के सदस्य भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री लवानिया ने कहा की जिले में सभी लोगो की जिम्मेदारी है की आस पास के लोगो से बात करे और वैक्सीन से शेष बचे लोगो को वैक्सीन लगवाए, ऐसे व्यक्ति जिन्हे पहला डोज लग चुका है वे सभी समय पर अपना दूसरा डोज जरूर लगवाए तभी आपकी कोरोना से लड़ने की क्षमता पूरी तरह विकसित होगी। बैठक में कलेक्टर श्री लवानिया ने वैक्सीनेशन के लिए तैयारियों की समीक्षा की। एक जुलाई को सुबह 8-30 बजे से वैक्सीनेशन का अभियान सभी केंद्रों पर शुरू होगा इस अभियान में भोपाल के अधिक लोगों को वैक्सिनेट किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। भोपाल जिले में संचालित केंद्रों के साथ शहरी क्षेत्र में नगर निगम के 85 वार्डों में केन्द्र स्थापित किये गये हैं। सभी केंद्रों पर विशेष सजावट कराई जाएगी।

इसके साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र , ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी स्वास्थ केंद्र, आगनवाड़ी केंद्रों पर भी वैक्सीनेशन की व्यवस्था की गई है। लोगो को जागरूक करने के लिए नगरीय क्षेत्र में रैली निकाल कर घर-घर जाकर जागरूक भी किया जा रहा है। कुछ संस्थाओं द्वारा पीले चावल देकर भी वैक्सीन के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। गांव में ढोंढी पिटवाकर भी वैक्सीन लगाने की अपील की है।

# शिक्षक को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**भीमसेन सिंह तोमर रिपोर्टर**

थरा। शासकीय माध्यमिक विद्यालय थरा में पदस्थ प्राण सिंह तोमर प्रधान अध्यापक थरा का आज पूरी धूमधाम के साथ विदाई दी गई । पिछले दस वर्षों से उनकी थरा में पदस्थापना थी। और उनको 30-06-2021को सेवानिवृत्ति दी गई। इस मौके पर हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य विष्णु सिंह तोमर, अध्यापक अजय शिवहरे, अध्यापिका विजय मैडम , शासकीय माध्यमिक शाला के शिक्षक मेवाराम, सरोज मैडम , प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक विश्वजीत, राजकुमार, सुधीर शर्मा अन्य शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। अध्यापक और भी,एल ओ



विश्वजीत ने माल्यार्पण कर स्वागत और विदाई पर दो शब्द उनकी जीवनशैली पर कहे उन्होंने बताया कि प्राण सिंह तोमर सर अपने कर्तव्य के प्रति बहुत सहज और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे जो बच्चों को बड़े प्यार भावना से पठन पाठन का कार्य किया करते थे। थोडे समय के लिए सभी स्टाफ की आंखें नम हो गई थी।।श्री प्रान सिंह तोमर जी प्रधानाध्यापक एमएस बालक थरा आज उनकी सेवानिवृति पर शिक्षक के रूप में उनकी भूमिका शिक्षा बोध विचााभिव्यक्ति अतुलनीय योगदान हम सब और छात्रों को हमेशा याद रहेंगे आपकी कमी हमेशा विभाग को रहेगी आपका मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहे ।

## हम तो विद्युत कर्मी है

***रचनाकार - बलराम पटेल लांजी***

कट रही हैं जिंदगी,जैसे जी रहे बनवास में!
हम तो विधुत कर्मी हैं साहब, डयूटी करना है हर हाल में!!
हम तड़पते है डियूटी पर , परिवार चिंतित गांव में!
जिंदगी मानो ठहर सी गई हैं, जैसी बेढ़ी जकडी पाव में!!
सभी विभागों की छुट्टी हो गई, बिजली ने पकड़ी रफ्तार!
ताना मार कर लोग कहे,बैठा कर पैसे देती सरकार!!
कमरों में रासन नहीं,फिर भी डिउटी पर जाते हैं!
सारी दुकानें बंद हो जाती,जब हम वापस आते है!!
मां पापा सिसककर पूछ रहे ,बेटा तुम केसे खाते हो!
जब पूरा देश बंद हैं , तो तुम क्यू डीउटी जाते हो!!
यहां सब कुछ मिल रहा, झूठ



बोलकर मा पापा को समझाते हैं!
देश के लिए समर्पित जीवन , इसीलिए डियूटी जाते है!!
सेना, डाक्टर पुलिस, प्रशासन भी डियूटी निभाते है!
हमसे ज्यादा वह सम्मान अधीक पाते हैं!!
सम्मान की तो कोई बात नहीं, हम गाली अधिक खाते हैं!
हम तो विद्युत् कर्मी है साहब , अपनी डियूटी जाते हैं !!

# एसडीएम बनना कठिन है पर 'राजीब समाधिया' बनना असम्भव

**केशब पंडित ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह / अंततः मुरैना अम्बाह एसडीएम राजीव समाधिया जी राजनीति का शिकार हो ही गए।11 महीने पहले सरकार ने राजीब समाधिया जी को अवैध कब्जा भू माफिया व राजस्व मामलो के प्रति झगडे जैसे प्रकरणो को सामज्स बिठाकर सुलझाने के लिये भेजा, जब अम्बाह राजस्व मामलो में पूरी तरह फिसड्डी था अम्बाह में सरकार के मुंह पर राजस्व के मामलो व बढते अपराध व लडाई झगडो की कालिख पुत रही थी। एसडीएम राजीव समाधिया ने आते ही इन सभी बातो को बडी ही गहराई से लेकर अहम भूमिका निभाई और उन परेसान किसान भाई को नजदीकी से देखा जो कि बास्तव में बखूबी परेशानी में है और परेशानी को समझा दूसरा अम्बाह जो अपने मामलो के प्रति व खसरा खतौनी नकल अन्य मामलो के लिये महीनो चक्कर लगाते लगाते परेशान होजाते उन्है देखकर एसडीएम राजीव समाधिया ने अपनी एक रण नीति बनाकर टीम बनाई और वो सफल रही किसान भाइयो को इन सभी परेशानियो के प्रति निजात मिली और अम्बाह एसडीएम की इस कार्यप्रणाली की जमकर सराहना हुई दूसरा उन्हौने जनता की परेशानी को देखकर अम्बाह ब्लॉक में प्रत्येक मंगलबार को जनता की समस्यो को देखते हुये जनसुनवाई की मीटिग रखना चालू की जो पहले अम्बाह ब्लॉक में कभी नही हुई जिसमे नगरपालिका से लेकर जनपद पंचायत अधिकारी व समस्त राजस्व पटबारियो को बुलाकर निराकरण करबाने की उनकी पहल नीब का पत्थर साबित हुई और अम्बाह पोरसा की जनता की छोटी छोटी समस्याओ से निजात मिली और राजस्व अपराधो में भी काफी गिराबट आई उसके उपरान्त देखा कि किसान भाई अपनी फसल की सही कीमत नही ले पारहे रोड पर लम्बी लम्बी टैक्टरो लाइन देखकर सस्ती दर पर ब्यापारियो बेच जाते थे तो उसे बडी ही नजदीकी से देखकर शहर में किसानो की समर्थन मूल्य पर बाजरा गेहू बिक्री को जिन ब्यापारी बर्गो ने बपौती समझकर किसानो से मंदी रेट पर खरीद कर मंडिया लगाने वाले



ब्यापारी माफिआओं से लेकर बाजरा बिक्री करने वाले माफियाओं के गधे के सिर से सींग की तरह विलुप्त कर छोटे छोटे किसानो को लाभ दिलाया किसानो के बाजरा बिक्री को सुचारू रूप से बिना सिफारिस के स्वम ब्यबस्था बनाकर सोसाइटियों पर खरीदी करबाही सरकारी समर्थन मूल्य खरीद का किसानो को अपनी फसल बिक्री का लाभ दिलबाया जो भी परेशान किसान भाई आया निराश नही गया जो भी आया क्या नेता, क्या पैसे बाले ब्यापारी... सभी को उनके दायरे व कानून का कद बताए रखा और कारबाहियॉ भी की। लेकिन, अम्बाह में गन्धी राजनीति करने बाले लोग जो व उनसे अपना उल्टा सीधा काम कराने मे कभी सफल होते नही दिखे तो उन्हौने बरिष्ट नेताओ से चुगली करना प्रारंम्भ कर दी और उन्हौने खुद को 'किंग' साबित करने के लिए एक ऐसे अफसर को बदलवा दिया, जिसकी अम्बाह को कुछ और समय जरूरत थी अम्बाह का दुर्भाग्य है कि ऐसे अफसर के जाने से अम्बाह की जनता के परेसानी निश्चित है जनता परेशानियो को देखकर पुनः बिचार किया जाबे

### एसडीएम राजीव समाधिया को अब नहीं तो 5-6 महीने बाद जाना ही था, पर फ्रएसडीएम राजीब समाधिया फ्र कोई यूं ही नहीं हो जाता।

अम्बाह में कोराना जैसी महामारी के दोरान लॉकडाउन में एक सिपाही जैसी भूमिका निभाकर व अपनी जानकी पर बाह न करते हुऐ चौराहे गली मौहल्ले में घूम घूम कर कोराना जैसी बीमारी से राहत दिलाई चाहे अस्पताल हो चाहे कौरिटाइन बाली जगह हो अपनी जान की परवाह न करते हुऐ बडी ही नजदीकी से देखा था एसडीएम राजीब समाधिया की खूबी यही है कि वह किसी नेता, विधायक, मंत्री की गैर नियम की बातें मानते नहीं। जनता के लिए सहज-सरल उपलब्धता भी उनकी खूबियों में से एक है। उन्हौने अभी गॉव व शहर में सर्वे कराकर उन माता पिताओं के बारे में सोचा है जिनके लडकी ही लडकी है उनके लिये पैन्सिन योजना का सर्वे जारी है जो बहुत ही सफल कार्य माना जायेगा ।

### सेवाएं समाप्त होने के बाद भी विभाग में कार्यरत है आउट सोर्स ब्लॉक कोर्डिनेटर एवं ई सी सी ई कोर्डिनेटर

# समूह संचालको से ई सी सी ई कोर्डिनेटर कर रहे लूट खसोट!

### वीरपुर में एल एल वाय के ना होने से लाडली लक्ष्मी योजना हो रही प्रभावित

***पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक की रिपोर्ट***

श्योपुर। श्योपुर जिले में ई सी सी ई कोर्डिनेटर एवं आउट सोर्स ब्लॉक कोर्डिनेटर महिला एवं बाल विकाश विभाग की परियोजना में सेवाएं समाप्ति के बाद भी कार्यरत होकर शासन के नियमो ओर निर्देशो को ठेंगा दिखाते हुए परियोजना में कार्य कर रहे है जबकि दिनांक 16/10/2020 को ही जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा ईसीसीई कोर्डिनेटरो से किसी भी प्रकार से कार्य न लिये जाने का आदेश परियोजना अधिकारी को जारी किया गया है। उसके बाद भी सी सी ई कोर्डिनेटर विजयपुर ओर श्योपुर परियोजना में डटे हुए। नियम विरुद्ध परियोजना में कार्यरत ईसीसीई कोर्डिनेटर द्वारा समूह संचालको सहित आधार कार्य मे लूट खसोट की जारही है। जहा श्योपुर ग्रामीण 02 में रिंकू गुप्ता ईसीसीई कौडिनेटर भी समयावधि समाप्त हो जाने के बाद भी परियोजना कार्यालय में बैठकर बंदरबांट कर रहे है वही समूह संचालको से पैसे की वसूली कर रहे है जहा

गुसाई महिला मंडल समूह पंडोली द्वारा बताया गया कि खदान जारी करने के नाम पर रिंकू गुप्ता द्वारा 1 हजार रुपये मांगे जाते है जबकि देखा जाए तो सेवाएं समाप्त हो जाने के बाद ईसीसीई कोर्डिनेटर द्वारा समूह संचालको से वसूली करना असवैधानिक है। वही ग्रामीण 01 परियोजना ईसीसी कौडिनेटर योगेश वीरपुर में पदस्थ होकर श्योपुर में ग्रामीण परियोजना 01 में नियम विरुद्ध पदस्थ है।इतना ही नही वीरपुर में पदस्थ एल एल वाय जितेंद्र रावत को नियम विरुद्ध जिला महिला ससक्तिकरण कार्यालय में विगत 5 वर्षो से डेटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर पदस्थ कर रखा है जबकि जितेंद्र रावत के महिला ससक्तिकरण कार्यालय में पदस्थ किये जाने पर वीरपुर में एल एल वाय का कार्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में शासन की महत्वपूर्ण योजना लाडली लक्ष्मी योजना का कार्य प्रभावित हो रहा है जहा इनको मूल स्थापना में भेजा जाए तो लाडली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन को गति मिल सके। वही विजयपुर परियोजना में ई सी सी ई कोर्डिनेटरो कमल जाटव से अवैद्यानिक (गैर नियम ) से ऑपरेटर के पद पर कार्य लिया जा रहा है जिनकी सेवाएं शासन द्वारा 31 मार्च 2020 को ही समाप्त कर दी गई थी, किन्तु बगैरकोई पद के इन ई सी सी ई कोर्डिनेटरो से कार्य लिया जा रहा है जो कि समूह संचालको से पोषण आहर की राशि बसूलने एवं अन्य कई प्रकार से भ्रष्टाचार कर रहे है जब कि इनको ऑन रिकोर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई । इतना ही नही पोषण अभियान अन्तर्गत आउट सोर्स से ब्लॉक कोर्डिनेटर धर्मेन्द्र परमार की सेवाएं जून 2020 को ही समाप्त हो गई है उसके बाबजूद भी वह परियोजना विजयुपर 01 मे आधार ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रहा है जिसके द्वारा नवीन आधार बनवाने के ऐवज में 300 रूपये प्रति आधार वसूले जा रहे है। जबकि शासन की गाइड लाइन के अनुसार आधार ऑपरेटर विभागीय कर्मचारी होना आवश्यक होता है।लेकिन इसके बाद भी महिला एवं बाल विकास विभाग में शासन के नियम और निर्देशो को ताक पर रख कर नियम विरुद्ध कार्य संचालित किया जा रहा है।




# रेलवे और राजस्व विभाग का जमीन विवाद का मामला विधायक डॉ. सिकरवार ने निराकरण कराया



*ग्वालियर। नगर निगम के वार्ड नं 60 के राम नगर मौहल्ला विक्की फेक्ट्री पर ब्याप्त बिजली की समस्या का निराकरण कराने पहुंचे विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार काम करवा रहे थे। मगर रेल्वे ने यह कहकर आपत्ति दर्ज कराई की जमीन रेल्वे की हैं। डॉ. सिकरवार जी ने तत्काल एस.डी.एम और अन्य अधिकारी जब मौके पर बुलवाये। अधिकारियों ने मौके पर कहा कि जमीन राजस्व की हैं और रेल्वे की नहीं हैं। इस दौरान विवाद बढ़ता तब विधायक डॉ. सिकरवार जी ने कहा कि ठीक से जांच करा लो काम दो दिन बाद हो जायेगा।*



## ...हार न जायें...



मन जब अन्तर्द्वन्द से घिर जाये,
तब हार न जायें जीवन में।
हार न जायें जीवन में।

कोयल सी वाणी जब कौए की भाँति
कानों को चुभ जाये,
हृदय की विदीर्णता पर जब कोई
लेप न लगाये।

टूटती आस जब बचाने को कोई हाथ
पंख ना बन पाये,
सफलता की राहों में जब शूल ही शूल
बिछ जायें,
हम खुद तब हिमालय बन तूफानों से टकराएं।
जब कोई आलिंगन को बाँह ना फैलाये,
हम हार न जायें जीवन में,
हम हार न जायें जीवन मे।

रंगीं जीवन जब धूल-धूसरित बन जाए,
आँगन का पौधा जब हमीं से बिसरता जाये,
जीवन की नैया जब पतवार का सहारा न ले पाये,
नाविक बन हम खुद तर जायें।
जब आस न आये दामन में,
हम हार न जाएं जीवन मे,
हम हार न जायें जीवन मे।

कर्म युद्ध में जब विपदायें ही हाथ थमाएं,
कोटि जतन जब निमिष भर काम न आने पायें,
क्षितिज तक निहारने पर भी,
कोई अपना साथ नज़र ना आये,
साथी बन स्वयं ही संघर्ष से हम निखरते चले जायें।
जब साँस ना बचे तन-मन में,
हम हार न जायें जीवन मे,
हम हार न जायें जीवन मे।।

**-रेखा घनश्याम गौड़**
6376168689

# ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर तीन इंजीनियर निलंबित

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इंदौर जिले में पदस्थ तीन इंजीनियरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर आउटसोर्स एजेंसी के विरुद्ध एफआईआर करवाने की कार्रवाई भी की जा रही है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सोमवार रात इंदौर से भोपाल आते समय इंदौर बायपास से गुजर रहे थे। वहाँ निरीक्षण के दौरान मेंटेनेंस में लापरवाही पाई गई। उन्होंने स्वयं कुछ स्थानों पर विद्युत संपत्ति के पास से पेड़ की शाखाएं और झाड़ियां हटाईं। इस अवसर पर उन्होंने मेंटेनेंस का कार्य गंभीरता से करने और उपभोक्ता सेवाओं पर भी ज्यादा ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके बाद ऊर्जा मंत्री ने मांगलिया स्थित ग्रिड, मांगलिया ग्रामीण विद्युत वितरण केंद्र कार्यालय एवं महालक्ष्मी नगर जोन कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां आउटसोर्स कर्मचारियों की उपस्थिति संबंधी कार्यों में लापरवाही पाने पर कठोर कार्रवाई के निर्देश प्रबंध निदेशक अमित तोमर को दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के निर्देश पर मंगलवार को मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालक निदेशक संजय मोहासे ने इंदौर उत्तर संभाग के कार्यपालन यंत्री मनेंद्र गर्ग, उत्तर संभाग के एच.टी. मेंटेनेंस प्रभारी असिस्टेंट इंजीनियर प्रदीप दांगी एवं मांगलिया विद्युत वितरण केंद्र प्रभारी जूनियर इंजीनियर अशोक ठाकुर को निलंबित कर दिया है।

# भाजपा सरकार मंहगाई रोकने में विफल-अनिरुद्ध प्रताप सिंह

### सरकार मंहगाई पर लगाये लगाम बर्ना होगा उग्र आंदोलन-संदीप मिश्रा

**पुष्पांजली टुडे,दबोह(अर्पित गुप्ता)**

कॉग्रेस सेवादल द्वारा लहार विधानसभा के नगर दबोह में बढ़ती मंहगाई को लेकर धरना प्रदर्शन किया ओर महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार नवीन भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा इस मौके पर युवा नेता पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि देश मे भाजपा की सरकार है जो मंहगाई रोकने में विफल हो चुकी है आगे उन्होंने कहा कि जब देश मे कोरोना जैसी महामारी फैली थी देश के मुखिया बंगाल,असम ब अन्य राज्यो में चुनावी रैलियों में मशगूल थे और यही कारण है कि देश की अर्थब्यवस्था पर कोई ध्यान नही दिया गया और मंहगाई अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी है वहीँ इस मौके पर सेवादल अध्यक्ष मुख्यातिथि संदीप मिश्रा ने कहा कि अगर सरकार मंहगाई कम नही कर सकती तो स्तीफा दे और अगर मंहगाई कम नही हुई तो हम उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे इस मौके पर आभार प्रदर्शन सुरेंद्र चौरसिया ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल ने किया ।




### ये है मांगे

(1)जिन परिवार के लोगों ने कोरोना जैसी महामारी में जान गवाई है उन्हें आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाये ।

(2)देश मे प्राइवेट स्कूल एवम कोचिंग पढ़ाने बालो के सामने जीवन यापन करने में संकट का सामना करना पड़ रहा है उन्हें परिवार की संख्या के हिसाब से जीवन निर्वाह भत्ता सरकार को प्रदान करना चाहिए ।

(3)देश मे बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है इसलिए सरकार को बेरोजगार युवाओं को भी जीवन निर्वाह भत्ता देने की योजना बनानी चाहिए ।

(4)खाने पीने की बस्तुएं एवम रोजमर्रा के उपयोग आने बाली सामग्री आसमान छू रही है जिसे तुरन्त रोककर जनता को राहत प्रदान करबानी चाहिए ।

(5)पूरे देश मे पेट्रोलियम के दाम सबसे कम है और अपने इस महामारी के दौर में जब लोगो का काम धंधा भी बन्द पड़ा था तब भी आपने एक मुखिया की सोच न रखते हुए एक ब्यापारी की सोच रखी और टेक्स कम करने की जगह बढ़ाते चले गए जिससे लोगो के बजट बिगड़ते चले गए जो आपकी जन विरोधी नीतियों को प्रदर्शित करता है

(6)भाजपा सरकार द्वारा इस बैसबिक महामारी के दौर में भी उपभोक्ताओं से मनमाने बिजली बिल की बसूली की गई जो आपकी जनविरोधी ओर छोटी सोच को प्रदर्शित करता है ।

### ये रहे मौजूद


देश मे ब्याप्त मंहगाई के खिलाफ ज्ञापन देने बालों में कल्याण सिंह मांझी ब्लॉक अध्यक्ष सेवा दल दबोह,कुलदीप तिवारी,चुन्नी लाल दोहरे,संजीव कुमार गुप्ता,कैलाश सिंह कौरव,ओपी सिंह,धन सिंह,बिनोद परिहार,सिद्धार्थ राजावत,अंकित राजावत, सन्तोष शिवहरे,रफीक खान, हरचरण लहरी, रामकुमार कौरव, शेर सिंह कौरव आदि सैकड़ा सेवादल कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव मध्य प्रदेश के प्रभारी श्री सुधांशु त्रिपाठी जी ने आज जिला कांग्रेस कार्यालय ग्वालियर में ग्वालियर चंबल संभाग के जिला अध्यक्ष विधायक और जिले में प्रभारी बनाए गए सदस्यों की संयुक्त बैठक ली

**पुष्पांजली टुडे**

मप्र / उक्त बैठक में कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के निर्देशन से वरुणा संक्रमण में ग्वालियर चंबल संभाग में जितने भी परिवारों में जनहानि हुई है उनकी जानकारी एकत्रित करने के लिए निर्देश दिए अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल की ओर से मुझे भी उक्त बैठक में आमंत्रित किया श्री सुधांशु त्रिपाठी और मेरे बीच मैं बुंदेलखंड राज्य में संगठन को मजबूत करने के लिए विस्तार से चर्चा की और मेरे द्वारा भी सचिव महोदय प्रभारी श्री सुधांशु त्रिपाठी जी को बुंदेलखंड की बैठक में आने के लिए आमंत्रित किया आज की बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्षों में सर्व श्री अशोक सिंह ग्वालियर ग्रामीण श्री देवेंद्र शर्मा ग्वालियर शहर भिंड जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री जय श्री राम बघेल जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री अशोक दांगी शिवपुरी के जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश शर्मा मुरैना शहर के अध्यक्ष श्री पंकज शर्मा ग्रामीण प्रभारी राजेंद्र यादव विधायकों में सर्व श्री लाखन सिंह जी सतीश सिंह सिकरवार बैजनाथ कुशवाहा और श्री राम सेवक सिंह बाबूजी ने भाग लिया सचिव महोदय से मुलाकात करने वालों में सर्वश्री महाराज सिंह पटेल मितेंद्र सिंह अहिबरन कंसाना और पार्टी के पदाधिकारियों में मुलाकात की।






# भामाशाह महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने विद्यार्थियो को टैब वितरण किए

**पुष्पाजली टुडे**

मंडया। बनूर रोटरी क्लब के तत्वावधान में समाज सेवी भामाशाह महेन्द्रसिंह राजपुरोहित की ओर से रोटरी क्लब सकूल मैदान में सरकारी स्कूल के 10 वीं कक्षा में अध्ययन करने वाले 60 विद्यार्थियों को टैब वितरण किए गए इस कार्यक्रम में डॉ महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने बताया कि विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढाई करने में सम्सया होने पर टैब वितरण करने की घोषणा की थी विधार्थियों के चेहरे टैब पाकर खुशी से खिल उठे। रोटरी क्लब स्कूल के शिक्षकों ने महेन्द्रसिंह राजपुरोहित का सम्मान किया। और विधायक एव. अशिवन कुमार तहसील अधिकारी मरिस्वामी जिला रोटरी क्लब चैयरमेन एच आर कोशव क्लब के स्हायक गवर्नर बी.एस.योगेन्द्रा बनूर रोटरी क्लब के सदस्य बी.एन.सुरेश आदि मौजूद थे।

## नैनो न्यूज

### रमता पुरा में भीषण पेयजल का संकट



**ग्वालियर।** 15 विधानसभा के वार्ड नंबर 14 के रमटा पुरा नंबर दो में पिछले 1 माह से पानी का भीषण संकट वहां के क्षेत्रीय नागरिक झेल रहे हैं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र तोमर को जब इसकी जानकारी मिली तब मौके पर पहुंचकर वीरेंद्र तोमर ने क्षेत्र का निरीक्षण किया एवं वहां के क्षेत्रीय लोगों से जानकारी ली जो इस भीषण समस्या से परेशान थे तब वीरेंद्र तोमर ने अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा की अधिकारियों ने इस समस्या को शीघ्र दूर करने का भरोसा दिलाया अमृत योजना में करोड़ों रुपया खर्च करने एवं लाइन व कनेक्शन होने के बाद भी आम जनता को उसका पानी नहीं मिल रहा है यह कैसी विडंबना है रमटा पुरा में दो बोरिंग होने के बावजूद भी उनसे ठभी पानी नहीं मिल रहा है वह भी बंद पड़ी हैं. लोग आसपास से पानी ढो रहे हैं यह है भाजपा के शासन एवं प्रशासन की अकर्मण्यता का जीता जागता उदाहरण है.

### बेटी की ससुराल में सुलह कराने आए पिता तथा भाइयों को लाठी सरियों से पीटा

**ग्वालियर।** देहात के तिघरा थाना क्षेत्र के कुलैथ गांव मे बेटी की ससुराल में सुलह कराने आए पिता तथा भाइयों की ससुराल वालों ने कमरे में बंधक बनाकर मारपीट कर दी। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बंधक मायके वालों को मुक्त कराकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार तिघरा थाना क्षेत्र के कुलैथ गांव मे बीते रोज सुनीता पत्नी कमलेश कुशवाह ने पति द्वारा मारपीट की शिकायत मायके में करने पर उसके मायके से पिता चतुर सिंह, भाई महेश तथा भतीजे राहुल और रामबिहारी उसकी ससुराल आए थे। जब उन्होंने मारपीट करने पर पति को समझाने का प्रयास किया तो पति कमलेश, चचिया ससुर पन्ना लाल तथसा उनके लड़के गोपाल, सूरज तथा देवर तथा अन्य ने उसके मायके पक्ष को कमरे में बंद कर लाठी सरियों से मारपीट की। जब सुनीता रिपोर्ट करने के लिए थाने जाने लगी तो आरोपियों ने उसके परिजनों को रस्सी से बांधकर कमरे में बंद कर दिया। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बंधक घायलों को लेकर थाने आई। पुलिस ने पीड़िता सुनीता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।






# ग्वालियर-चंबल संभाग में वृहद वृक्षारोपण का अभियान चलेगा एक ही दिन में 4 लाख पौधे रोपने का कार्य होगा

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में एक ही दिन में वृहद वृक्षारोपण का अभियान चलाकर 4 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके लिए सभी जिले अपने-अपने जिले में वृहद वृक्षारोपण की तैयारी करें। संभागीय आयुक्त आशीष सक्सेना ने बुधवार को ग्वालियर-चंबल संभाग के कलेक्टरों की बैठक में यह बात कही।



मोतीमहल के मानसभागार में आयोजित दोनों संभाग की कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा, कोविड-19 के संक्रमण के संबंध में समीक्षा के साथ-साथ वृहद वृक्षारोपण अभियान के संबंध में भी विस्तृत चर्चा कर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना ने वृहद वृक्षारोपण के लिये अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौरान हमें ऑक्सीजन की जिस प्रकार की कमी महसूस हुई है उसको देखते हुए वातावरण में पर्याप्त ऑक्सीजन देने वाले वृक्षों को रोपने का अभियान चलाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में अगस्त माह के किसी एक दिन को निर्धारित कर वृहद वृक्षारोपण का कार्य किया जाए। इसके लिये सभी जिलों के कलेक्टर अपने - अपने जिलों में वृक्षारोपण की सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करें।

संभाग आयुक्त सक्सेना ने कहा कि वृक्षारोपण का अभियान केवल सरकारी अभियान न होकर आम जन को जोड़कर चलने वाला अभियान बनाया जाए। जिले के हर व्यक्ति की उसमें भागीदारी सुनिश्चित की जाए। वृक्षारोपण में इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए कि अधिक से अधिक पौधे 6 फीट हाईट के रोपे जाएं। वृक्षों की देखभाल की जवाबदारी भी जिम्मेदार नागरिकों को सौंपी जाए। वृक्षारोपण के कार्य में जन सहभागिता हो इसके भी प्रयास किए जाएं। एक दिन निर्धारित कर ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में वृहद वृक्षारोपण का कार्य किया जाए। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों से कहा है कि वे अपने-अपने जिलों में लक्ष्य अनुरूप वृक्षारोपण की कार्ययोजना तैयार कर उसकी तैयारियां करें। ग्वालियर जिले में एक लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अन्य जिलों में भी लक्ष्य निर्धारित कर वृहद वृक्षारोपण का अभियान चलाया जायेगा।

**राजस्व प्रकरणों का तेजी से हो निराकरण:** संभाग आयुक्त सक्सेना ने बैठक में राजस्व प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कहा कि कोविड-19 के कारण सभी जिलों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षा अनुरूप प्रगति नहीं हुई है। सभी कलेक्टर अपने-अपने जिलों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये विशेष अभियान चलाएं। पाँच साल से अधिक राजस्व का कोई भी लम्बित प्रकरण किसी भी जिले में लंबित न बचे इसके लिये एक सप्ताह में विशेष प्रयास कर प्रकरणों का निराकरण करें। संभाग आयुक्त सक्सेना ने कलेक्टरों से यह भी अपेक्षा की है कि अपने-अपने जिले में अभियान चलाकर 6 माह से अधिक के लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण एक माह में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के साथ-साथ यह भी निर्देशित किया है कि सभी कलेक्टर अपने-अपने जिले में ई-ऑफिस की दिशा में भी सार्थक प्रयास करें।

### मच्छरों व संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए निगम ने चलाया फोगिंग अभियान

**ग्वालियर।** शहर में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम एवं कीट-मच्छरों से बचाव के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि बदलते मौसम में मच्छरों का प्रकोप ज्यादा रहता है तथा वर्तमान में कोविड -19 के साथ ही अन्य संक्रामक बीमारियों के बचाव के लिए निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत निगम के अमले द्वारा आज विभिन्न स्थानों पर, बस्तियों, मोहल्लों आदि क्षेत्रों में पंहुचकर फोगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया। निगमायुक्त श्री वर्मा ने बताया कि नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों के निर्देशन में सभी वार्डों के डब्ल्यूएचओ द्वारा जहां जिस प्रकार की आवश्यकता होगी, यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

## पत्नी ने की थी कपड़ा कूटनी से पति की हत्या



**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक महिला ने गुस्से में अपना ही सुहाग उजाड़ डाला। पति की मारपीट और प्रताड़ना से तंग महिला पति के साथ मायके में रहना चाहती थी। पति ने इसके लिए मना कर दिया। इस कारण उसने गुस्से में कपड़े धोने की मोगरी से सिर पर वार कर पति को मार डाला। लोगों को आत्महत्या लगे, इसलिए उसे फांसी के फंदे से लटका दिया। पति की मौत के बाद सदमे में जाने का नाटक भी किया। 28 दिन तक वह पुलिस को गुमराह करती रही। आखिरकार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और पूछताछ के बाद सच सामने आ गया। वारदात 2 जून की दोपहर रामाजी का पुरा बहोड़ापुर की है। जांच में पता चला कि महिला क्राइम सीरियल ÷क्राइम पेट्रोल÷ देखने की आदी थी। सीरियल देखकर ही उसने पति की हत्या को आत्महत्या में बदलने की कोशिश की।

2 जून 2021 को बहोड़ापुर के रामाजी का पुरा निवासी परशुराम जाटव (38) की पत्नी ममता ने सड़क पर चिल्लाना शुरू किया। आसपास के लोग बाहर आए। लोगों को लगा कि पति ने उसे पीटकर निकाल दिया है और खुद को कमरे में बंद कर लिया है। लोगों ने परशुराम के बड़े भाई पंचम सिंह को सूचना दी। पंचम जब घर पहुंचा, तो उनके भाई का शव खटिया पर पड़ा था। गले में साफी बंधी थी। ममता ने परिजन को बताया, पति ने नशे में धुत होकर मारपीट की। उसे घर से निकाल दिया और अंदर फांसी लगा ली। जब ममता ने उसका फंदा खोला, तो मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आत्महत्या का मामला जानकर जांच शुरू की। सिर में चोट भी थी, जिसे शव उतारते के दौरान गिरने से बताया गया।

### 28 दिन बाद पर्दा उठा

मामले में पुलिस की नींद उस समय खुली, जब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आई। इसमें बताया गया, युवक की हत्या की गई है। रिपोर्ट में बताया गया, सिर पर भारी वस्तु से वार किया गया है। इसके बाद पड़ताल शुरू की गई। हत्या के 28 दिन बाद शातिर पत्नी की साजिश पर्दा उठ गया। जब पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो उसने वारदात कबूल कर ली।

### बेटे को चार्जर लेने भेजा और कर दी हत्या

पूछताछ में पता लगा, पति आए दिन नशे में ममता से मारपीट करता था। इससे 13 साल के बेटे पर भी गलत असर पड़ रहा था। कई दिन से वह कह रही थी, यहां से सब छोड़कर उसके मायके में मुरार बड़ागांव खुरैरी में रहूंगी। परशुराम इसके लिए तैयार नहीं था। 2 जून यानी वारदात वाले दिन भी परशुराम ने पत्नी की पिटाई की थी। इस पर ममता को गुस्सा आ गया। बेटे को मोबाइल का चार्जर लेने बाजार भेजने के बाद कपड़े धोने वाली मौगरी से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद गले में साफी का फंदा डालकर आत्महत्या का रूप दिया। उस पर शक न हो, इसलिए बाहर आकर शोर मचाने लगी। सभी को लगे कि पति ने उसे मारपीट कर बाहर निकाल दिया और नशे में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस डिटेल में उससे पूछताछ कर रही है।

## ड्राइवर ने किया खुलासा: बदमाश ऑटो किराए पर लेकर बैठाते थे सवारी, मिनटों में कर देते थे गहने-नकदी पार

**ग्वालियर।** ऑटो में सवारी बनकर बैठकर मिनटों में गहने-नकदी चोरी करने वाला गिरोह पुलिस के हाथ लगा है। गिरोह का एक सदस्य ऑटो चालक ग्वालियर का है। शेष तीन सदस्य आगरा उत्तर प्रदेश के हैं। यह अभी झांसी में सक्रिय थे। एक सदस्य को इंदरगंज पुलिस ने उठाया है। शेष सदस्य को झांसी पुलिस ने दतिया से पकड़ा है। इनसे एक चेन चोरी की वारदात खुल गई है। जल्द शहर की कुछ बड़ी गहने-नकदी चोरी की वारदातें खुल सकती हैं। फिलहाल पुलिस गैंग के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। इंदरगंज थाना के अद्ध शैलेन्द्र भार्गव ने बताया कि कुछ दिन पहले खल्लासीपुरा निवासी एक 72 वर्षीय महिला की ऑटो में करीब डेढ़ तोला वजनी सोने की चेन बदमाशों ने काट ली थी। मामले की शिकायत होते ही पुलिस ने पड़ताल की तो एक जगह CCTV कैमरे की फुटेज से पता चला कि जिस ऑटो में वारदात हुई है वह थाटीपुर



इलाके की है। इसका पता चलते ही पुलिस टीम ने थाटीपुर में ऑटो सहित संदेही चालक को पकड़ लिया है। ऑटो चालक से पूछताछ की तो पहले वह इधर-उधर की कहकर टहलाता रहा और जब उसे फुटेज दिखाए तो उसने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस पूछताछ में बताया कि उसके साथ ही झांसी के तीन युवक वारदात को अंजाम देते हैं। इसका पता चलते ही पुलिस झांसी पहुंची तो पता चला कि जिनकों पुलिस तलाश रही है वह तो दो दिन पहले ही दतिया में पकड़े जा चुके हैं। झांसी पुलिस की हिरासत में हैं।

**700 रुपए मेहनताना पर वारदात में हुआ शामिल:** पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी नितिन पुत्र राजू कुशवाहा निवासी राय कॉलोनी चंदन नगर ग्वालियर ने बताया कि उसे आरोपी 700 रुपए प्रतिदिन देकर वारदात में शामिल करते थे। बस उसे पूरे दिन ऑटो, आरोपियों के साथ ही रखनी होती थी। अब पुलिस पूछताछ कर पता लगा रही है कि उन्होंने कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

**सभी बदमाश आगरा उत्तर प्रदेश के रहने वाले:** पुलिस पूछताछ में पता चला है कि वारदात को अंजाम देने वाले सभी बदमाश आगरा यूपी के है। पर अभी वह झांसी में रह रहे हैं और वारदात को अंजाम देने के लिए ग्वालियर पुरानी छावनी इलाके में सरकारी जमीन पर अस्थाई झोपड़ी बनाकर ठिकाना रहते हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद वह कुछ दिन तक यहां पर रहते हैं और फिर निकल जाते हैं।

## आषाढ़ में गर्मी का कहर ,, तापमान अधिकतम 44 और न्यूनतम 32 डिग्री

**ग्वालियर।** इस साल मानसून की बेरुखी के चलते आषाढ़ के महीने में अप्रैल-मई जैसी भीषण गर्मी पड़ रही है दिन के समय अधिकतम तापमान 44 डिग्री के आसपास तक पहुंच गया ।जिसके चलते गर्म हवाओं के थपेड़े लग रहे हैं ।वहीं न्यूनतम तापमान भी 32 डिग्री से ऊपर चल रहा है जिसके चलते रात के समय भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। ।जून माह के आखिरी दिन भी गर्मी से कोई राहत नहीं मिली शरीर झुलसाने वाली गर्मी के कारण एसी कूलर भी लगे हैं ।वहीं छत के पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं भीषण गर्मी के कारण हालत यह है कि छत पर रखी सिंटेक्स की टंकियों का पानी उबल रहा है। गर्मी के कारण दोपहर 12÷00 बजे से ही सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगता है



गर्मी का असर बाजारों में भी देखने को मिल रहा है दोपहर के समय जहां बाजार सूने नजर आ रहे हैं। पशु-पक्षी भी दोपहर के समय गर्मी से बचने के लिए छायादार स्थान में बैठे नजर आ रहे हैं फिलहाल गर्मी से राहत की कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं लोग परेशान हो गर्मी से परेशान लोग अब ईश्वर से बारिश करने की गुहार लगा रहे।

### दो जगह लूट.सोने की चेन और पांच हजार-मोबाइल लूटा

**ग्वालियर।** शहर के महराजपुरा और मुरार थाना क्षेत्र में बदमाश दो लोगों से सोने की चेन और पांच हजार- मोबाइल लूट ले गए।पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रविन्द्र सिंह पुत्र राजवीर अकबरपुर निवासी सिंह लोधी प्राइवेट नौकरी करता है। बीते रोज वह अपने दोस्त से मिलने के बाद वापस लौट रहा था। अभी वह यादव धर्मकांटा स्थित पुल के पास पहुंचा ही था कि तभी दो युवकों ने उनको हाथ देकर रोका तो दोनों युवकों ने उनकी मारपीट कर उनके गले से एक तोला वजनी सोने की चेन छीनकर बाइक सवार साथी के साथ भाग निकले। लूट की सूचना मिलते ही हजीरा पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पर घटना स्थल महाराजपुरा होने पर पुलिस अफसरों ने. उसे महाराजपुरा थाने जाने और भिजवाने सलाह दी।







# पुष्पांजली टुडे समूह द्वारा

## हरिओम चतुर्वेदी जी को शिवपुरी ज़िला ब्यूरो चीफ बनाये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



खबरे एवं विज्ञापन के लिए आप हमें संपर्क करें
संपर्क – 9009279100


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478